


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 174 | ग्वालियर शुक्रवार, 14 अप्रैल 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए




## न्यूज ट्रैक

### पंजाब के गुरदासपुर में लगे अमृतपाल सिंह वांटेड के पोस्टर, पता बताने वाले को मिलेगा इतना इनाम



पंजाब के गुरदासपुर जिले के बटाला रेलवे स्टेशन पर रेलवे पुलिस की तरफ से भगोड़े अलगाववादी अमृतपाल सिंह के पोस्टर लगाए गए हैं. इन पोस्टरों के मुताबिक, जो भी अमृतपाल का पता बताएगा उसे उचित इनाम दिया जाएगा. जानकारी देने के लिए नंबर भी जारी किया गया है. पोस्टरों में यह भी कहा गया है कि मुखबिर का नाम गोपनीय रखा जाएगा.इससे पहले अमृतपाल सिंह के करीबी पप्पलप्रीत सिंह को पंजाब पुलिस ने 10 अप्रैल को होशियारपुर से गिरफ्तार किया था. पप्पलप्रीत को पंजाब पुलिस और उसकी काउंटर-इंटेलिजेंस यूनिट की तरफ से चलाए गए एक ऑपरेशन के बाद गिरफ्तार किया गया. उसे राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत में लिया गया था. पंजाब पुलिस के सूत्रों ने कहा कि अमृतपाल सिंह और पप्पलप्रीत 28 मार्च को पुलिस के पीछा करने के दौरान अलग हो गए थे. इसके बाद से दोनों के बीच कोई संपर्क नहीं हुआ है. पंजाब पुलिस को एक गुप्त सूचना मिली थी कि अमृतपाल और पप्पलप्रीत 27 मार्च को गुरुद्वारा जन्म स्थान संत बाबा निदान सिंह, नदलों गांव, होशियारपुर पहुंचे थे. इससे पहले पंजाब पुलिस ने अमृतपाल को चेतावनी देते हुए अपने ट्विटर हैंडल से एक मीम वीडियो भी शेयर किया था. इस वीडियो पर लिखा गया था कि तुम भाग सकते हो, लेकिन कानून के हाथ से बच नहीं सकते.दरअसल, 18 मार्च को अमृतपाल जालंधर जिले में पुलिस की पकड़ से भाग गया था. उसे पकड़ना इसलिए मुश्किल हो रहा है, क्योंकि उसने अपनी गाड़ी और लुक दोनों बदल लिए हैं. उसके सभी साथियों पर नफरत फैलाने, हत्या की कोशिश, पुलिस कर्मियों पर हमले और अन्य मामले दर्ज हैं.

### बीजेपी ने जारी की प्रत्याशियों की पहली सूची किसके कहने पर हुआ टिकट आवंटन ?




नगर निगम शिमला चुनाव को लेकर कांग्रेस-बीजेपी की तैयारियां जोरों पर है. इन दिनों शिमला पर पूरे प्रदेश की निगाहें टिकी हुई हैं. बुधवार को बीजेपी कार्यसमिति की बैठक के बाद भारतीय जनता पार्टी ने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है. इस सूची में 24 प्रत्याशियों के नाम शामिल हैं. शेष 10 प्रत्याशियों की सूची बीजेपी जल्द जारी करने वाली है.हिमाचल बीजेपी की ओर से जारी सूची में रुल्दूभट्टा से सरोज ठाकुर, अनाडेल से सपना कश्यप, समरहिल से शैली ठाकुर, टूटू से मीनाक्षी गोयल, मज्याठ से निर्मला चौहान, बालूगंज से किरण बाबा, कच्चीघाटी से अलका कंवर, नाभा से हेमा कश्यप, फागली से कल्याण धीमान, कृष्णा नगर से बिट्टू कुमार पाना, लोअर बाजार से भारती सूट, बेनमोर से अनूप वैद्य, संजौली चौक से सत्या कौंडल, अपर ढली से कमलेश मेहता, लोअर ढली से सीमा विजन, शांति विहार से देवेंद्र शर्मा, भट्टाकुफर से सुशांत चौहान, शांति विहार से कमला ठाकुर, कसुम्पटी से रचना झीना वर्मा, विकासनगर से रमा कुमारी, छोटा शिमला से संजीव चौहान, कंगनाधार से रेणु चौहान, न्यू शिमला से निशा ठाकुर और खलीनी से पूर्णमल को प्रत्याशी बनाया गया है.बागियों की वजह से विधानसभा चुनाव में मिशन रिपीट से चुकी भारतीय जनता पार्टी नगर निगम शिमला के चुनाव में टिकट आवंटन में कोई गलती नहीं करना चाहती. इसके लिए भारतीय जनता पार्टी ने हर वॉर्ड पर प्रवासी प्रभारी को नियुक्त किया था. इन प्रभारियों ने बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं और आम जनता के साथ बातचीत के बाद अपना प्रत्याशी फाइनल किया है. साथ ही पार्टी ने इस बात का भी ध्यान रखा है कि टिकट आवंटन के बाद बगावत का खतरा कम से कम रहे. नगर निगम शिमला चुनाव में बगावत का खेल होने से बीजेपी का खेल बिगड़ सकता है. ऐसे में पार्टी ने ज्यादा से ज्यादा जिताऊ उम्मीदवारों को टिकट देकर मैदान में उतारने की कोशिश की है.विधानसभा चुनाव के दौरान शिमला शहरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक और पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज की टिकट शिफ्ट कर साथ लगती कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र में कर दी थी. इसके बाद सुरेश भारद्वाज के समर्थक भी नाराज मानें जा रहे थे. क्योंकि चुनाव से 15 दिन पहले टिकट बदलने की वजह से सुरेश भारद्वाज को हार का सामना करना पड़ा. ऐसे में सवाल उठ रहे थे कि क्या नगर निगम शिमला चुनाव में सुरेश भारद्वाज के समर्थक माने जाने वाले उम्मीदवारों को मैदान में उतारा जाएगा या नहीं? जारी की गई सूची में सुरेश भारद्वाज के कई करीबी नेताओं को भी पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है. ऐसे में भारतीय जनता पार्टी हर समीकरण को साधना और संतुलन बनाने की जुगत में नजर आ रही है.

बीबीसी पर कसा शिंकजा !

# विदेशी फंडिंग में गड़बड़ी को लेकर ईडी ने दर्ज किया केस

केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ने बताया कि गुरुवारको उसने विदेशी मुद्रा उल्लंघन के मामले में बीबीसी इंडिया के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है. ऐसा पहली बार है जब बीबीसी के खिलाफ भारत में ऐसी कोई कार्रवाई की गई है.इस साल फरवरी 2023 में आयकर विभाग के अधिकारियों ने दिल्ली स्थित बीबीसी दफ्तर में छापेमारी की थी और उससे जुड़े दस्तावेजों की जांच भी की थी. आयकर विभाग ने इस मामले पर आधिकारिक बयान देते हुए कहा था वो एफडीआई उल्लंघन के एक मामले में बीबीसी की जांच करेंगे. इसी सिलसिले में आज ईडी ने बीबीसी पर विदेशी मुद्रा उल्लंघन कानून के तहत मामला दर्ज कर लिया है. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक ईडी ने फेमा के तहत कंपनी के कुछ अधिकारियों को संस्थान से जुड़े दस्तावेज




और बयान दर्ज कराने को भी कहा है. हालांकि खबर लिखे जाने तक बीबीसी ने इस मुद्दे पर अपनी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है.इसी साल फरवरी महीने में बीबीसी पर आयकर विभाग ने जब बीबीसी के दिल्ली स्थित कार्यालय में सर्वे किया था तो आयकर विभाग के प्रशासनिक निकाय सीबीडीटी ने बताया था, बीबीसी की भारत में संचालित विभिन्न संस्थाओं की तरफ से दिखाए गए आय और लाभ के आंकड़े भारत में उनके परिचालन के अनुरूप नहीं हैं. बीबीसी की वेबसाइट में दी गई जानकारी के मुताबिक वह एक स्वतंत्र पब्लिक ब्राडकॉस्टर है जो दुनिया भर में सूचनाओं का प्रसारण करता है. इसकी स्थापना यूके के रॉयल चार्टर से हुई है. हाल ही में उसने गुजरात दंगों को लेकर एक विवादित डॉक्यूमेंट्री प्रसारित की थी. जिसको भारत सरकार ने उसकी संप्रभुता पर हमला बताते हुए देश भर में बैन कर दिया था.

## भोपाल के मेरे पागलों बागेश्वर बाबा धीरेंद्र शास्त्री ने जैसे ही ये कहा तो...

भोपाल के टीटी नगर के दशहरा ग्राउंड पर वैसे तो वो मंच मथुरा के कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर की भागवत कथा का था जहां दो अप्रेल से कथा चल रही थी. मगर शनिवार की शाम सामने बैठी भीड़ जिसमें अस्सी फीसदी महिलाएं ही थीं. बेसब्री से कथा खत्म होने का इंतजार कर रहीं थीं



क्यूंकि मालुम था कि कथा खत्म होते होते दूसरे कथावाचक बागेश्वर धाम प्रमुख धीरेंद्र शास्त्री विदिशा से यहां आकर भोपाल के पागलों से मिलने वाले हैं. भागवत कथा के अंतिम दिन प्रसंग चल रहा था सुदामा कृष्ण के बहुचर्चित मिलन का. पत्नी सुशीला के ताने सुन सुदामा घर से चलते हैं मित्र कृष्ण से मिलने द्वारका की ओर मगर नदी पार करते ही ये क्या हुआ सायरन बजाते कथा पंडाल में एंट्री होती हैं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी की. बस फिर क्या था तुरंत फास्ट फारवर्ड हुई कथा यादवों के संघर्ष में पहुंच कर कृष्ण को बहेलिये का तीर पैर में लगते ही अगले दस मिनिट में बाइंड अप हो जाती है. जिन भक्त अनुरागियों को कृष्ण सुदामा मिलन की प्रतीक्षा हो वो किताबों में पढ़ लीजियेगा अभी तो कथावाचक और आयोजक जी को पंडाल में पधारे मुख्यमंत्री, मंत्री, बीजेपी संगठन के प्रमुख वीडी शर्मा और संघ के खास अतिथियों का सम्मान कार्यक्रम करना है. अब आरती की बेला आ गई है. कथावाचक देवकीनंदन जी और व्यास पीठ की आरती होना है. इंतजार हो रहा है खास अतिथि का थोड़ी देर बाद ही आ जाते हैं शर्माते सकुचाते मुस्कान बिखेरते धीरेंद्र शास्त्री जो इन दिनों कथा पंडाल दिव्य दरबार से लेकर टीवी स्क्रीन और स्टूडियो में चर्चा में बने हुए हैं. बस फिर क्या था जो महिलाएं अब तक मंच से दूर कथा सुन रहीं थीं वो बाधा दौड़ में लगे हर्डल्स की तरह बैरिकेड को पार करने लगीं

### जलियांवाला बाग हत्याकांडः जब जनरल डायर के एक आदेश ने ले ली हजारों निहत्थों की जान



हर दिन किसी न किसी इतिहास से जुड़ा होता और कुछ न कुछ सिखा कर जाता है. ऐसे ही भारत के इतिहास में आज का दिन यानी 13 अप्रैल गुस्से की भावना मन में जगा देता है. आज भी जलियांवाला कांड को याद कर लोगों की रूह कांप जाती है. भारत के अमृतसर में 13 अप्रैल 1919 में जलियांवाला बाग हत्याकांड हुआ था. इस दिन अमृतसर के स्वर्ण मंदिर के पास जलियांवाला बाग में खून की होली खेली गई थी.जलियांवाला हत्याकांड के 104 साल पूरे हो चुके हैं,

## बठिंडा मिलिट्री स्टेशन पर एक और जवान की मौत




बठिंडा कैंट में सेना के एक जवाने की गोली लगने से मौत हो गई, पुलिस के मुताबिक यह हादसा तब हुआ जब उसके सर्विस हथियार से गोली चल गई.बठिंडा मिलिट्री स्टेशन पर एक और जवान की गोली लगने की वजह से मौत हो गई. भारतीय सेना ने इस खबर को एक्सीडेंट बताया है, उनका कहना है कि हथियारों का रख-रखाव करते समय यह हादसा हुआ है. बठिंडा कैंट पुलिस स्टेशन के एसएचओ गुरदीप सिंह ने बताया, पंजाब के बठिंडा में बीती रात सेना के एक जवान की गोली लगने से मौत हो गई, क्योंकि उसके सर्विस हथियार से गलती से गोली चल गई. उन्होंने कहा, मारे गए जवान की पहचान लघु राज शंकर के रूप में हुई है. भारतीय सेना ने कैंट में इस हादसे को लेकर कहा, बठिंडा मिलिट्री स्टेशन में कल गोली लगने से एक जवान शहीद हो गया. सिपाही अपने सर्विस हथियार के साथ संतरी ड्यूटी पर था. सिपाही के पास से एक ही हथियार का खोखा और कारतूस का डिब्बा मिला है. सेना ने कहा, हादसे के तुरंत बाद सैनिक को तुरंत सैन्य अस्पताल ल जाया लेकिन उन्होंने दम तोड़ दिया.सेना ने आगे कहा, सिपाही 11 अप्रैल को छुट्टी से लौटा कर आया था,

### मातोश्री आकर रोए थे शिंदे, बगावत को लेकर आदित्य ठाकरे का बड़ा खुलासा, कहा- बीजेपी के डर से



शिवसेना में फूट और एकनाथ शिंदे की बगावत को लेकर आदित्य ठाकरे ने एक बड़ा खुलासा किया है. आदित्य ने दावा किया है कि एकनाथ शिंदे मातोश्री पर आकर रोए थे. उन्होंने ये भी कहा कि शिंदे ने कहा था कि बीजेपी के साथ नहीं जाते तो मुझे गिरफ्तार कर लिया जाएगा. यह पहली बार है जब आदित्य ठाकरे ने एकनाथ शिंदे पर व्यक्तिगत रूप से हमला किया है. हैदराबाद के अपने एक दिवसीय दौरे में गीतम विश्वविद्यालय के एक कार्यक्रम में विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि शिवसेना में फूट होने से पहले एकनाथ शिंदे मातोश्री (ठाकरे परिवार का निजी निवास) आए थे. ठाकरे ने आगे कहा कि शिंदे वहां आकर खूब रोए और उनके चेहरे पर बीजेपी को लेकर दहशत थी. आदित्य ठाकरे ने कहा, 'ये 40 लोग अपनी सीट के लिए, पैसों के लिए गए. वर्तमान मुख्यमंत्री तब मेरे घर आकर रोए थे. इसकी वजह यह थी कि उन्हें केंद्रीय जांच एजेंसी अरेस्ट करने वाली थी.%

### सीमा-पार से भेजी जा रही थी आतंकियों को मदद, भारतीय सेना ने मार गिराया ड्रोन, हथियार बरामद



जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले के सुंदर बनी सेक्टर में एलओसी के पास भारतीय सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस ने एक ड्रोन बरामद किया. बरामद किए गए ड्रोन से सुरक्षा बलों को 2 लाख भारतीय रुपये, 131 राउंड गोलियां, मैग्जीन बरामद हुए हैं. सुरक्षाबलों ने बताया, रात लगभग साढ़े 10 बजे स्थानीय लोगों ने जब किसी ड्रोन के उड़ने की आवाज सुनी तो उन्होंने सुरक्षा इकाइयों को सुचित किया.

## बचकाने अहंकार का गंदा प्रदर्शन, राहुल गांधी की याचिका पर पूर्णेश मोदी बोले

गुजरात बीजेपी नेता पूर्णेश मोदी ने मोदी सरनेम मामले को लेकर एक बार फिर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को घेरा है. उन्होंने राहुल की तरफ से दायर याचिका को बचकाना बताया है. उनका कहना है कि राहुल एक बार नहीं, बल्कि बार-बार अपराधी हैं. कांग्रेस के नेताओं के साथ पहुंचकर याचिका दायर करना उनका अंहकार दिखाता है. उन्होंने कहा कि यह बचकाना अहंकार का बहुत गंदा प्रदर्शन और अदालत पर दबाव बनाने की अपरिपक्व हरकत थी.पूर्णेश मोदी ने कहा कि जिस दिन कोर्ट ने राहुल गांधी को सजा सुनाई उस दिन कांग्रेस के तमाम दिग्गज नेता कोर्ट परिसर में मौजूद थे. वो अदालत के खिलाफ टिप्पणी भी कर रहे थे. बीजेपी नेता का कहना है कि राहुल गांधी की ये हरकतें बचकानी हैं. वो अदालत को दबाव में लेने की कोशिश कर रहे हैं. उनके भीतर बहुत ज्यादा अभिमान है. वो खुद से ऊपर किसी को मान ही नहीं रहे हैं. दरअसल, सजा को चुनौती देने वाली राहुल गांधी की अपील पर बीजेपी के विधायक पूर्णेश मोदी ने गुजरात की कोर्ट में अपना जवाब दाखिल किया है. पूर्णेश मोदी ने अपने हलफनामे में कहा कि आरोपी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और राजनीतिक आलोचना और असहमति के नाम पर इस तरह के मानहानिकारक और गैर-जिम्मेदाराना बयान देने के आदी हैं, जो या तो दूसरों को बदनाम कर सकते हैं या दूसरों की भावनाओं को ठेस पहुंचा सकते हैं.



## दो दिन में डबल हुए कोरोना केस! नए मामले 10 हजार के पार कब थमेगी रफ्तार

भारत में कोरोना वायरस संक्रमण की तेज रफ्तार अब और ज्यादा डराने लगी है. स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 10,158 नए मामले सामने आए हैं. इसके बाद देश में कोरोना के कुल 44,998 एक्टिव केस हो गए हैं. बीते दिन (11 अप्रैल) के मुकाबले 12 अप्रैल को कोरोना के मामलों में काफी तेजी से उछाल देखा गया है. इससे एक दिन पहले देश में कुल 7,830 मामले सामने आए थे.राजधानी दिल्ली की बात करें तो दिल्ली में बीते 24 घंटे में कोरोना के 1,149 नए मामले सामने आए हैं. इसके बाद यहां पॉजिटिविटी रेट 23.8 प्रतिशत हो गया है. बढ़ते मामलों को देखते हुए दिल्ली एम्स ने सभी अस्पताल कर्मचारियों के लिए मास्क का उपयोग अनिवार्य कर दिया है. वहीं, स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि अगले 10 दिनों तक कोविड बढ़ेगा लेकिन इसके बाद मामले कम होने लगेंगे. देश में बढ़ रहे कोविड के




संक्रमण फिलहाल अभी स्थानीय चरण में हैं. आज रिकॉर्ड किए गए कोरोना के मामले सात महीनों में सबसे अधिक हैं. सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के सीईओ अदार पूनावाला ने कल कहा था कि उन्होंने कोविशील्ड वैक्सीन का निर्माण फिर से शुरू कर दिया है. उन्होंने कहा कि कंपनी के पास कोवोवैक्स वैक्सीन की छह मिलियन बूस्टर खुराक पहले से ही उपलब्ध है और वयस्कों को बूस्टर शॉट लेना चाहिए.

# जैन समाज का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड मंच नवकार उपाधि अलंकरण सीजन 4 का आयोजन आगामी माह इंदौर में होगा आयोजित

## पत्रकार अतुल जैन के पिता स्व. आलमचंद जैन होगे सम्मानित, गुरु भगवंत, समाजसेवी, सामाजिक संगठन सहित राजनेता व मंत्रियों को किया जायेगा उपाधि अलंकृत

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**



शिवपुरी। जैन समाज का अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड मंच नवकार महोत्सव के तहत देश सहित विश्व स्तर से अहिंसा के पथ पर कार्य करने वाले समाजसेवियों, सामाजिक संस्थानों, गुरु भगवंतों के साथ अहिंसा प्रचारक और राजनेता को जैन समाज के अंतर्राष्ट्रीय मीडिया नवकार महामंत्र टाइम्स के द्वारा नवकार उपाधि से अलंकरण किया जाता है. और इसी प्रथा को आगे बड़ाते हुए उपाधि अलंकरण समिति ने जैन समाज का अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड मंच नवकार महोत्सव 2022÷ के तहत नवकार उपाधि अलंकरण - सीजन 4 में उपाधि से अलंकृत होने वाले उपाधि अलंकरण के लिए 129 महानुभावों की सूचि जारी कर दी है। जिनमें शिवपुरी जिले से तहसील खनियांधाना की ग्राम पंचायत बामौरकलां से स्व.आलम चंद जैन का नाम अंकित है।

आयोजक समिति द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार नवकार उपाधि अलंकरण सीजन 4 का आयोजन 30 जुलाई 2022 से 18 अक्टूबर 2022 तक 81 दिन में देश भर के महानुभावों के यहाँ जाकर अलंकरण करने की योजना था किन्तु नवकार महामंत्र टाइम्स परिवार के सर से माँ के आँचल की छाया उठ गयी (संस्थापक स्वर्गीय श्री अशोक जी लुनिया साहब की धर्म पत्नी श्रीमती कृष्ण देवी अशोक जी लुनिया का देहांत 4 अगस्त 2022 को हो गया) इस शोक अवस्था में नवकार महामंत्र टाइम्स परिवार को स्वयं को इस दुःख से उभारना अत्यंत कठिन था। इस कारण से उपाधि अलंकरण आयोजन को स्थगित कर दिया गया था जो की आगामी माह मई में सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में आयोजित किया जा रहा है।

# पिछोर पुलिस की अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्यवाही

## पुलिस थाना पिछोर द्वारा कार्यवाही करते हुये 60 लीटर अवैध कच्ची शराब को जप्त कर शराब बनाने की सामाग्री को किया नष्ट

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

**पिछोर।** पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह भदौरिया के निर्देशन मे शिवपुरी पुलिस द्वारा अवैध शराब के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध शराब के परिवहन, विक्री पर सख्त रुख अपनाते हुये समस्त थाना प्रभारियों को अधिक से अधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं, जिस पर कार्यवाही करते हुये पुलिस थाना मायापुर द्वारा कार्यवाही करते हुये 60 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब जप्त कर करीब 8 हजार लीटर लहान किया नष्ट । अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एसडीओपी पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी मायापुर निरी. पूनम सविता को द्वारा मुखबिर सूचना मिली कि ग्राम पिपरोदा उबारी मे कच्ची शराब बनाई व बेची जा रही है, सूचना पर कार्यवाही करते हुये दविस देकर शराब बनाने की जगह पर पहुंची एवं 60 लीटर कच्ची शराब जप्त की व लगभग 8 हजार लीटर शराब बनाने का लहान मौके पर ही नष्ट किया । पुलिस द्वारा शराब बनाने की सामाग्री को जप्त किया गया एवं अज्ञात लोगों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी मायापुर निरी. पूनम सविता, उनि. चन्द्रभान सिंह, सउनि. शेख महबूब, आर. योगेन्द्र, सुरेन्द्र, बृजेश, सैनिक अवदेश, निकिल की सराहनीय भूमिका रही ।

# ज्ञानशक्ति रेसिडेंशियल स्कूल, ज्ञानसेतु डे स्कूल और रक्षा शक्ति स्कूल में पहले वर्ष 53500 बच्चों को मिलेगा प्रवेश

## इन सभी स्कूलों में कक्षा 6 से लेकर 12वीं तक की शिक्षा मुफ्त में दी जाएगी

**पुष्पांजली टुडे, गुजरात**

गुजरात सरकार ने गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने के लिए 50 ज्ञान शक्ति रेसिडेंशियल स्कूल, 25 ज्ञान शक्ति आदिवासी रेसिडेंशियल स्कूल और 10 रक्षा शक्ति



रेसिडेंशियल स्कूल शुरू करने का निर्णय किया है। साथ ही 400 ज्ञान सेतु डे स्कूल भी शुरू होंगे। जून 2023-24 से शुरू होने जा रहे इन स्कूलों में पहले वर्ष (2023-24) में 53500 बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा। शिक्षा की गुणवत्ता बरकरार रहे इसलिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीईटी) के आधार पर प्रवेश दिए जाएंगे। इस साल प्रवेश परीक्षा 27 अप्रेल को ली जाएगी। 53500 सीटों पर पहले साल प्रवेश दिया जाएगा, जिसके लिए 535169 विद्यार्थी प्रवेश परीक्षा देंगे। इसमें रक्षा शक्ति रेसिडेंशियल स्कूल की 3200 सीटों के लिए करीब 21225 बच्चों ने आवेदन किया है। पहले साल ज्ञान शक्ति रेंसिडेंशियल स्कूल में 15 हजार, ज्ञान शक्ति आदिवासी रेसिडेंशियल स्कूल में 7500 सौ और ज्ञान सेतु डे स्कूल में 30 हजार बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा। यह परीक्षा हर साल आयोजित होगी। जिसमें रिक्त रहने वाली कक्षाओं जैसे कि सातवीं, आठवीं में भी बाद में प्रवेश दिया जाएगा। -120 बहुवैकल्पिक वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे।-हरप्रश्न एक अंक का होगा। -हल करने को 150 मिनट मिलेंगे।-गुजराती माध्यम में परीक्षा होगी।-पांचवीं कक्षा के कोर्स पर आधारित प्रश्न होंगे।-गणित (30 प्रश्न), गुजराती (20 प्रश्न), हिंदी-अंग्रेजी (20 प्रश्न), पर्यावरण विज्ञान (20), तार्किकता-सामान्य ज्ञान पर (30 प्रश्न)पूछे जाएंगे।

### इनका कहना है

सरकारी और ग्रांटेड स्कूलों का कोई शिक्षक इन स्कूलों के खुलने से फाजल नहीं होगा। ना ही ग्रांटेड और सरकारी स्कूल बंद होंगे। उल्टा सरकारी प्राइमरी स्कूलों की शिक्षा सुधरेगी।

**सचिव विनोद राव**

# बेहतर उपभोक्ता सेवा देने पर विशेष ध्यान दिया जाये : ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह

## ऊर्जा मंत्री ने जिले के विद्युत विभाग के अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

**पंकज त्रिपाठी, पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जिले के विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में विद्युत विभाग की विस्तृत



समीक्षा कर विभिन्न निर्देश दिए। बैठक में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने भिण्ड जिले की विद्युत विभाग की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देशित किया की मेंटेनेंस का कार्य ठीक से किया जाये। बेहतर उपभोक्ता सेवा देने पर विशेष ध्यान दिया जाये। मंत्री श्री तोमर ने कहा की विभाग के सभी अधिकारी/कर्मचारी बेहतर ढंग से अपने कार्य का क्रियान्वयन करें। मंत्री श्री तोमर ने उपभोक्ताओं द्वारा सफेद तार एवं अमानक स्तर के विद्युत तारों का उपयोग करने पर की गई कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जिले में विद्युत व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन हेतु अधिकारियों से सुझाव लिए। मंत्री श्री तोमर ने जिले में विद्युत विभाग अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। मंत्री श्री तोमर ने 15 अप्रैल को केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का भिण्ड जिले में प्रस्तावित आगमन एवं आयोजित कार्यक्रम के दृष्टिगत समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देश दिए। एसई एमपीईबी ने योजनाओं के क्रियान्वयन, लक्ष्यपूर्ति एवं अन्य विषयों की प्रगति के संबंध में अवगत कराया।

# पिछोर पुलिस की वारंटियों के खिलाफ कार्यवाही

## पुलिस थाना पिछोर जिला शिवपुरी को मिली सफलता कई वर्ष से वांटेड स्थाई गिरफ्तारी वारंटी किया गिरफ्तार

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

पिछोर, पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश कुमार सिंह भदौरिया के निर्देशन मे शिवपुरी पुलिस द्वारा वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु मुहीम चलाई जा रही है, जिसके तारतम्य मे कार्यवाही करते हुये पुलिस थाना पिछोर द्वारा सफलता हांसिल करते हुये कई वर्ष से वांटेड स्थाई गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया है । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एसडीओपी पिछोर श्री प्रशांत कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही है, इसी इसी क्रम मे थाना प्रभारी पिछोर निरी. गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कई वर्ष से वांटेड स्थाई गिरफ्तारी वारंटी सगुन सिंह लोधी पुत्र हरी राम लोधी उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम नांद थाना पिछोर को गिरफ्तार किया । वर्ष 2020 में वारंटी सगुन सिंह लोधी को नया चौराहा पिछोर मेला में जुआ खेलते गिरफ्तार किया था, जिसका प्रकरण कोर्ट में चल रहा था । वारण्टी कई वर्ष से वांटेड था । आज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना मिली कि वारंटी अपने खेत पर है । मुखबिर की सूचना पर से पुलिस द्वारा स्थाई वारंटी को उसके खेत से दबोच लिया गया । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पिछोर निरी.



गब्बर सिंह गुर्जर, एस आई विनोद भार्गव, एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान, अरविंद यादव प्रधान आरक्षक, हिमांशु चतुर्वेदी, घनश्याम सिंह परमार, संतोष यादव, हीरा सिंह पाल, आरक्षक कमल सिंह मांझी, जितेंद्र गुर्जर व प्रदीप कौरव की सराहनीय भूमिका रही ।



# सिटी में दो पुलिस सहायता केंद्रों का हुआ उद्घाटन

**पंकज त्रिपाठी, पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । शहर में सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए शहर के बीच में दो पुलिस सहायता केंद्रों का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्यथिति के रूप में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र ने की। जिला के प्रसिद्ध गौरी सरोवर एवं हाउसिंग कालोनी में पुलिस सहायता केंद्र खोले गए। पुलिस अधीक्षक श्री चौहान ने कहा कि इससे जनता को सुविधा होगी और अपराधियों पर और अच्छे से नजर रखी जाएगी। श्री चौहान ने बताया कि कुछ और पॉइंटो पर ऐसे ही पुलिस सहायता केंद्र खोले जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान, नगर पुलिस अधीक्षक निशा रेड्डी, डीएसपी हेडक्वार्टर अरविंद शाह,नगर पालिका सीएमओ वीरेंद्र तिवारी,अटेर एसडीओपी पूनम थापा, सिटी नगर निरीक्षक शिवप्रताप सिंह यादव, देहात नगर निरीक्षक सुधीर कुशवाह, ट्रैफिक इंचार्ज रंजीत सिंह सिकरवार के अलावा पुलिस के कई अधिकारी कर्मचारी, मीडिया बंधु एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# चोरों ने चटकाए अनंत एग्रो एंड बिल्ड़िंग मैटेरियल की दुकान के ताले लाखों माल हुआ चोरी

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**



शिवपुरी। खबर सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र से आ रही है जंहा बरोदी ए बी पर स्थित अनत एग्रो बैल्डिंग मैटेरियल पर बीती रात्रि में चोरों ने धाबा बोल दिया जिसमे लाखों रूपए का सामान चोरी होने का अनुमान लगाया जा रहा है। सुबह 10 बजे दुकान पर ओम प्रकाश ओझा निवासी शिवपुरी जब अपनी दुकान पर पंहुचे तो सारा सामान बिखरा पड़ा था जिसमे अलमारी में रखे नगदी 12 हजार रुपये और ग्लैण्डर, दुमचक कंपनी का हाथ ग्लैण्डर जिस की 5 हजार रुपये, दुकान से एक बेल्डिंग मशीन जिसकी कीमत 15 हजार रुपये, लोहे का कबाड़ा ,ट्रॉली का नक्का सेट व पिन जिसकी कीमत 16 हजार रुपये यह सामान चोर अपने साथ ले गए मौके पर दुकान संचालक ने पँहुच कर देखा और तुरन्त डायल 100 को सूचना दी गई जिसमे डायल 100 मौके पर नही पंहुची और दुकान संचालक ने कोतवाली पँहुच कर आवेदन के माध्यम से पुलिस को सूचना दी आवेदक ने बताया कि दुकान में चोरी होने परिवार के सारे सदस्य परेशान हैं एवम ओम प्रकाश ओझा ने बताया कि में बेल्डिंग की दुकान से अपने परिवार का जीवनयापन कर रहा हूँ और मैंने आसपास सभी जगह काफी तलाश करने पर कोई पता नही चला एवं पुलिस से जल्द से जल्द आरोपी को पड़ कर सामान बरामद करने की कार्यवाही करने की गुहार लगाई।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर निकली विशाल बाईक रैली

**पुष्पांजलि टुडे**

दमोह। जिले वासियों ने भारतीय संविधान के रचयिता भारतरत्न बाबा साहेब अम्बेडकर जी की



जयंती की पूर्व संध्या पर भव्य बाईक रैली का आयोजन किया एवं बाबा साहेब अम्बेडकर जी के बताएं मार्ग पर चलने की प्रतिज्ञा ली। इस विशाल रैली में महिला बच्चों की उपस्थिति ऐतिहासिक रही। इस मौके पर अहिरवार समाज संघ प्रदेश प्रवक्ता कोमल अहिरवार ने कहा कि बाबा साहेब ने कहा था जब तक भारत का संविधान जिंदा है तब तक मैं आप लोगों के बीच जिंदा रहूंगा। जिस दिन संविधान खत्म हो जायेगा उसी दिन मैं भी खत्म हो जाउंगा। इसलिये संविधान रूपी कारवा अगर आगे न ले जा सके तो उसे किसी भी परिस्थिति में पीछे नहीं आने देना उसे ज्यो का त्यो छोड़ देना और उसकी रक्षा करना। इसी तारतम्य में मोहनीश राव ने समाज नशा से मुक्त करना एवं बाबा साहब की विचारधारा को घर घर तक पहुंचाना होगा तभी हम बाबा साहब अंबेडकर के भारत को मूल रूप दे पायेगें। इस मौके पर रामेश्वर चौधरी ने समाज को शिक्षित करने का आव्हान किया। इस प्रकार से समाज के सभी बृद्धि जीवियों ने बाबा साहब अंबेडकर के संघर्षो पर विचार व्यक्त कियें। बाईक रैली के अंत में धर्मेन्द्र रोहित, जोगेन्द्र चौधरी, विनोद राज ने आभार व्यक्त किया। बाईक रैली में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रहीं।

# आदिवासी बस्ती के लोगों के साथ धोखाधड़ी केवाईसी के माध्यम से लगाए गए फिंगर और निकाला गेहूं

**राकेश परिहार पिछोर**




**पिछोर।** अनु विभागीय अंतर्गत आने वाली ग्राम रही मे खाद्यान्न विक्रेता द्वारा उपभोक्ताओं को धोखाधड़ी करके फिंगर लगाएं और हड़प्पा सारा गेहूं ग्रामीण उपभोक्ताओं ने सीधा-सीधा आरोप लगाया है कि शासकीय उचित मूल्य दुकान विक्रेता जीतू पाराशर द्वारा धोखाधड़ी की जा रही है केवाईसी कहकर खाद्यान्न के फिंगर लगाकर गेहूं हड़प्पा जा रहा है समय पर कई महीनों से राशन नहीं मिला है और वह भी आधा अधूरा दिया जाता है नापतोल में भी गड़बड़ करता है 1 किलो कम दिया जाता है खाद्यान्न विक्रेता द्वारा ग्रामीणों ने खाद्यान्न विक्रेता जीतू पाराशर पर यह आरोप लगाया है कि खाद्यान्न विक्रेता जीतू पाराशर दो दो शासकीय उचित मूल्य दुकानों का विक्रेता है लेकिन शासन द्वारा जो भी खाद्यान्न आता है उसे कालाबाजारी की जाती है लेकिन ग्रामीण उपभोक्ताओं के हक पर खाद्यान्न विक्रेता द्वारा डला जा रहा है डाका शासन-प्रशासन इस पर कोई ध्यान नहीं दे रही है।

# सांसद डॉक्टर के पी यादव ने की विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- सांसद डॉ.के.पी.यादव ने गुरुवार को जिला विकास एवं निगरानी समिति की बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं और विकास कार्य की समीक्षा की। उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं का जिले में क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए। पिछली

### जिला विकास एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक आयोजित

बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन प्रतिवेदन पर समीक्षा की। जिले में बनाए गए अमृत सरोवर की जानकारी ली। नागरिक आपूर्ति निगम और खाद्य विभाग से खाद्यान्न वितरण की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए जिले में कितनी दुकानें हैं और जिन दुकानों में कम राशन उपलब्धता की शिकायत आती है उसके कारण हितग्राहियों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध नहीं हो पाता इस प्रकार की अनियमितता नहीं होना चाहिए अन्यथा कार्यवाही होगी। बामोर कला गांव में महिलाओं द्वारा साड़ी तैयार की जाती हैं जिन्हें इसी ब्रांड से दिल्ली तक बेचा जा रहा है। इसके लिए महिलाओं का प्रशिक्षण आयोजित कराएं और उन्हें बाजार उपलब्ध हो इससे बामोरकला ब्रांड की पहचान के साथ ही बेचा जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी दोनों की समीक्षा की और प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में जो पात्र हितग्राही शामिल नहीं हो पाए हैं उन्हें मुख्यमंत्री जन आवास योजना में शामिल किया जाए। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत शिवपुरी नगर पालिका क्षेत्र में तैयार किए गए आवास में अभी तक हितग्राहियों का प्रवेश नहीं हुआ है। विद्युत और पेयजल की व्यवस्था नहीं है इस पर जल्दी विचार करके हितग्राहियों को लाभ मिले। अब गर्मी का समय है कहीं भी पेयजल की समस्या ना आए और साफ सफाई, नालों की सफाई के संबंध में नगर पालिका सीएमओ को निर्देश



दिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में आयुष्मान कार्ड के लिए लगातार कैंप के माध्यम से कार्ड बनाने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले में अभी तक 6लाख 45 ह?ार 762 आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा में निजी भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र, कुपोषण के विरुद्ध अभियान की जानकारी ली और कहा कि अभी एम्स में नई विंग स्टार्ट की गई है। यदि कहीं अति कुपोषित बच्चे के इलाज की समस्या आती है तो अवगत कराएं। जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए उद्यानिकी विभाग द्वारा जो गांव चिन्हित किए गए हैं जिसमें हर ब्लाक में एक-एक गांव हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री सांसद आदर्श ग्राम को भी जोड़ने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग द्वारा अभी झांसी रोड का काम चल रहा है जिसमें गुणवत्तापूर्ण काम होना चाहिए। इसके अलावा कितनी रोड का प्रस्ताव भेजा है इसकी जानकारी मांगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और जल निगम से जिले में चल रही नल जल योजना के संबंध में निर्देश दिए। इसमें एकल ग्राम के तहत पीएचई द्वारा और समूह जल प्रदाय योजना के तहत जल निगम द्वारा जिले में काम किया जा रहा है जिसमें एकल ग्राम योजना में 380 गांव हैं जिनमें से 172 गांव में काम पूरा हो चुका है। इसके अलावा जल निगम द्वारा 714 गांव में समूह बार काम किया जा रहा है। अभी मड़ीखेड़ा समूह जल प्रदाय योजना पर काम जारी है। जल निगम के जीएम को गुणवत्तापूर्ण काम समय सीमा में करने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग को अन्य जिलों में भूसे के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश देते हुए प्रचार प्रसार कराने के निर्देश दिए। बैठक में क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई। इसके अलावा स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा में जिला शिक्षा अधिकारी और जिला परियोजना समन्वयक से सीएम राइस स्कूल, साइकिल वितरण, गणवेश वितरण आदि के संबंध में चर्चा करते हुए जिन स्कूलों में बाउंड्री वॉल नहीं है उनके प्रस्ताव भेजने के भी निर्देश दिए। जिले में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की गतिविधियों की भी जानकारी ली।

# देवभोग में कोरोना के 10 केस मिलने से हड़कंप

## कस्तूरबा विद्यालय में स्वीपर समेत तीन छात्राएं पॉजिटिव, बीएमओ ने कहा भीड़ से बचें





**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ में कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे. वहीं देवभोग कस्तूरबा विद्यालय के स्वीपर और 3 छात्राओं की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है. आज देवभोग में मिले कोरोना के 10 नए मरीजों के साथ एक्टिव मरीजों की संख्या 11 पहुंच गई है. मंगलवार देर रात देवभोग ब्लॉक के माड़ागांव में एक महिला के कोरोना मरीज की पुष्टि एमएमआई ने किया था. आज सुबह बीएमओ सुनील रेड्डी ने कोटेक्ट ट्रेसिंग के अलावा अस्पताल में उपचार कराने वाले मरीजों की कोरोना जांच शुरू की. रात 8 बजे तक 150 लोगों की जांच हुई थी, जिसमें 10 लोग कोरोना पॉजिटिव मिले. डॉक्टर रेड्डी के मुताबिक मांड़ागाव में 3, झाखरपारा में 4 व देवभोग के 4 लोगों को मिलाकर अब तक इस ब्लॉक में 11 लोग पॉजिटिव पाए गए हैं, जिसमें पुरुष की संख्या 9 व मेल की संख्या 2 है. इसमें बच्चो की संख्या 5 है. जांच में कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में कार्यरत एक कर्मी भी पॉजिटिव पाए जाने के बाद उसकी कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग व कस्तूरबा विद्यालय में जांच शुरू हुए तो वहां 3 छात्राएं पॉजिटिव मिली.

**छात्राओं में थे सामान्य लक्षण**–बीएमओ सुनील रेड्डी ने बताया कि पॉजिटिव पाए गए दो लोगों में जुकाम के व एक बच्चे में बुखार के लक्षण थे, बाकी 5 में कोई लक्षण नजर नहीं आ रहे. डॉक्टर सुनील रेड्डी ने कोरोना प्रोटोकाल का पालन करने व भीड़ से बचने की अपील की है. उन्होंने कहा कि अस्पताल आने वाले सभी मरीज का रोजाना अब जांच कराई जाएगी, जिनमें लक्षण नजर आ रहे हैं उन्हे भी कोरोना जांच कराने की अपील की जाएगी.

**बारिश थमते ही मौसमी बीमारी के मरीज बढ़े**–10 दिन पहले हुई बारिश के बाद अचानक बड़ी गर्मी से सामान्य सर्दी जुकाम के अलावा दस्त के मरीज बड़ गए हैं. भर्ती कर उपचार कराने वालों की संख्या भी बड़ी है. अस्पताल के सभी 20 बेड फूल हो गए थे. हालात ऐसी की बैंच पर लिटाकर ड्रिप चड़ाना पड़ रहा था. रोजाना 100 मरीज सरकारी अस्पताल पहुंच रहे थे तो इतने ही रोज निजी क्लिनिकों में जा रहे हैं. मौसमी बीमारी के बीच कोरोना की दस्तक ने अस्पताल प्रबंधन के साथ पीड़ितों की चिंता बड़ा दी है. सुबह 11 बजे कोरोना की पुष्टि होने के बाद अस्पताल में आने वाले मरीजों की संख्या घट गई है. ऐसे में अगर संक्रमित लोग जांच से पीछे हटे तो सामान्य लोगों की परेशानी बड़ जाएगी.

# छत्तीसगढ़ में 5217 करोड़ के घोटाले का आरोप, पूर्व सीएम डॉ. रमन ने केंद्रीय मंत्री को लिखा पत्र

**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ़**



पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के मामले में छत्तीसगढ़ में एक बार फिर राजनीति गरमाने के आसार हैं. पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत केंद्र सरकार से मिले 150 लाख क्विंटल चावल को गरीब परिवारों में नहीं बांटने का आरोप लगाया है. इस तरह 5217 करोड़ के घोटाले का आरोप है. इस मामले में केंद्रीय खाद्य मंत्री पीयूष गोयल को पत्र लिखकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। छत्तीसगढ़ में पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत कोरोना काल में हर गरीब परिवार को 5 किलो अतिरिक्त चावल देने में भ्रष्टाचार का मुद्दा विधानसभा सत्र के दौरान भी उठता रहा है. इसी मुद्दे पर अब पूर्व सीएम ने केंद्रीय खाद्य मंत्री गोयल को पत्र लिखकर तथ्यों के साथ 5127 करोड़ के भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है. पूर्व सीएम ने अपने पत्र में लिखा है कि कवर्धा के सहसपुर लोहारा ब्लॉक के राशन दुकानदार उनसे मिले और अनियमितता के बारे में जानकारी दी। अनियमितता उजागर करने के बाद प्रदेशभर के राशन दुकान संचालकों को नोटिस देकर चावल की मात्रा जब्त करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है. इससे राशन संचालक संघ में आक्रोश है. इस वजह से पीडीएस व्यवस्थ चौपट होती जा रही है.

# तालाब के डूब क्षेत्र में आये प्लॉटों का सीमांकन करवाकर इनकी सीमाएं तय कर कार्यवाही करें

**पुष्पांजलि टुडे**

दमोह। शहर के पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग जबलपुर मंडल के अंतर्गत ऐतिहासिक धरोहर के रूप में पंजीकृत फुटेरा तालाब खसरा क्रमांक 1158 रकवा 88.24 एकड़ एवं इससे साथ लगे हुए खसरा क्रमांक 1140,/1, 1140/3 डूब में आने पर सिया बाई एव एक अन्य मुआवजा लेने वाले रघुवीर सिंह का मुआवजा 1141 और 1142 के कुछ भाग डूब क्षेत्र में आता है, जिसका मुआबजा भी पूर्व में दिया गया था, पर कुछ भू माफियाओं ने गलत सीमांकन करवा कर संरक्षित स्मारक के विनियमित क्षेत्र में अनाधिकृत निर्माण और अवैध तरीके से प्लॉट का विक्रय कर रहे है, जो कि ग्रीन बेल्ट (एनजीटी) और प्राचीन स्मारक पुरातात्विक स्थल तथा अवशेष (संशोधन एवं विधिमान्यकरण) अधिनियम 2010 के प्रावधानों के तहत अनैतिक एवं अनाधिकृत हैं, एएसआई के नियमानुसार संरक्षित स्मारक के 300 मीटर क्षेत्र में किया गया कोई भी निर्माण अनाधिकृत माना जायेगा, जो नेशनल ग्रीन ट्रब्यूनल के नियमों का भी उल्लाहघन है, तालाब के पीछे के क्षेत्र में लगातार ग्रीन बेल्ट पर पक्के स्थाई निर्माण और अवैध कॉलोनी बनाई जा रही हैं, और कुछ भू माफियाओं द्वारा, पूर्व में तालाब के डूब क्षेत्र में आये प्लॉटों को पटवारी कि मिलीभगत से गलत सीमांकन करवा कर खरीद फरोख्त करने का गैर कानूनी काम किया गया है, दमोह खास क्षेत्र के शिवशंकर पटेल जो कि पटवारी के पद पर नियुक्त है कई वर्षों से अनधिकृत कार्यो में लिप्त हैं, बड़ा सवाल ये भी है कि 10 वर्षो से अधिक समय से उक्त पटवारी का स्थानांतरण न होना प्रशानिक व्यवस्था की कार्यशैली और नियमो के पालन न होने पर सवाल खड़ा करता है, अतः आपसे अनुरोध है उक्त पटवारी को भी स्थानांतरित किया जाना चाहिए, अनाधिकृत कार्य और अवैध कब्जे कर शासकीय भूमि बेचना अपराध की श्रेणी में भी आता है, ऐसे अनाधिकृत निर्माणों से इस प्राकृतिक एवं ऐतिहासिक तालाब के मूल एवं प्राकृतिक स्वरूप को हानि पहुँच रही है,अतः आपसे अनुरोध है, कि पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के नियमों और तालाब के ग्रीन बेल्ट पर किये गए निर्माणों और नए निर्माणों पर तुरंत रोक लगाई जाए, और तालाब के डूब क्षेत्र में आये प्लेटों का सीमांकन करवा कर उन्हें तालाब के रड़वे में शासकीय रिकॉर्ड में जोड़ा जाए, एवं अवैध, अनाधिकृत और गलत प्रक्रिया कर की गई खरीद फरोख्त करने वालो के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएं। दमोह खास के पटवारी शिवशंकर पटेल उर्फ टेड़े पटवारी ने इस क्षेत्र में गलत सीमांकन कर शासकीय भूमि को प्राइवेट भूमि में रकवा बड़वाकर अवैध रजिस्ट्री करवाई है एवं राजनीतिक रसूख के कारण इस पटवारी का पिछले कई वर्षो से ट्रांसफर भी नही हुआ है, जो प्रशासन के नियमों के विरुद्ध भी है। पूर्व में इनपर कई अनियमिताओ के आरोप भी लगे हैं, कृपया इनकी जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।



# गांव-गांव चलो घर-घर चलो अभियानः भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा रहे-जिलाध्यक्ष देशबंधु नायक

**संवाददाता हेमचंद नागेश**



**देवभोग**–भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा गांव-गांव चलो घर घर चलो अभियान 6 से 14 अप्रैल ओबीसी कल्याण के मोदी सरकार के 9 वर्ष की उपलब्धि बताने एवं प्रचार प्रसार हेतु पोस्टर एवं पाम्पलेट के माध्यम से पिछड़ा वर्ग के लिए किये गए विकास कार्यों को जन-जन तक जनसम्पर्क कर पहुंचाने गांव गांव के दीवारों पर पोस्टर चिपका कर एवं आम जनता को पाम्पलेट बांटकर मोदी सरकार की उपलब्धियां बताने पहुंचे पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष देशबंधु नायक, महामंत्री जयराम साहू,भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी, पि.व.मंडल अध्यक्ष लम्बोदर साहू, मीडिया प्रभारी तुलसी सेन गोहरापदर मंडल के ग्रामों में पहुंचकर जनसम्पर्क कर रहे।

# घबरायें नहीं, रक्तदान करें

**रीतेश अवस्थी, पुष्पांजलि टुडे**



**दमोह।** ब्लड बैंको में हमेशा ही ब्लड कि कमियां बनी रहती है, लेकिन वर्तमान में कुछ समाजसेवी संगठन निस्वार्थ भाव से रक्तदान उपलब्ध कराने का में अपना योगदान दे रहें है। ऐसे ही जिला अस्पताल दमोह में संजय यादव नाम के युवक को रक्त की अत्यंत आवश्यकता होने के कारण रक्तदान सेवी पं राम मिश्रा से चर्चा हुई तो उन्होंने तत्काल ही 10 मिनट में अपने साथी मित्र अभिषेक सोनी को बुलाकर रक्तदान कराया। और इस तरह जीवनदान कि इस कड़ी में इनकी संस्था के द्वारा लगतार 3841 वां रक्तदान करने का अवसर प्राप्त किया। कोरोना काल से निरंतर अपनी सेवाएं इन सभी के द्वारा जिला अस्पताल में कि जा रही है और जब कोई व्यक्ति रक्त के लिए बात करता है तुरंत सक्रियता दिखाते हुए उसकी व्यवस्था की इन सभी के द्वारा कराई जाती है इस पुण्य कार्य में सहयोगी रहे, बृजेश पटेल विनय विश्वकर्मा ने भी अपनी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# योग, प्राणायाम और ध्यान के साथ नकारात्मकता हटाने का प्रयास

**पुष्पांजलि टुडे**

**दमोह।** योग और प्राणायाम ध्यान के साथ नकारात्मकता हटाने का प्रयास दमोह जिला जेल में लगातार जारी है। जेल में प्रतिदिन कैदियों को 2 घंटे

## दमोह जेल में लगातार प्रतिदिन दिया जा रहा प्रशिक्षण

योग शिक्षक योग और प्राणायाम करवाते हैं। वहीं दूसरी ओर अध्यात्म और राष्ट्रवाद से संबंधित प्रशिक्षकों के द्वारा दिया जाता है, जिससे कैदियों में लगातार मानसिक और शारीरिक परिवर्तन देखा जा रहा है। उप जेल अधीक्षक सीएल प्रजापति स्वयं लगातार प्रतिदिन जेल प्रांगण में स्वयं कैदियों के साथ योग करते हैं। जेल में शिक्षक का दायित्व निभा रहे ऋषि शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया प्रतिदिन प्रातः 06 बजे से 08 के मध्य योग, प्राणायाम, ध्यान और व्यायाम का प्रशिक्षण दिया जाता है। जिससे कैदियों में नकारात्मकता समाप्त हो, वह एक अच्छे नागरिक और राष्ट्रभक्त बन सके इसलिए लगातार प्रयास किए जाते हैं और उनको बीच-बीच में अध्यात्म और राष्ट्रवाद से संबंधित जानकारियां भी उपलब्ध कराई जाती है। कैदियों में लगातार योग, प्राणायाम और ध्यान के प्रति रुझान बढ़ रहा है जिसके परिणाम सामने दिखलाई देते हैं। उन्होंने बताया अनेक रचनात्मक कार्य भी कैदियों के द्वारा किए जाते हैं उनको प्रोत्साहन करने के लिए लगातार उप जेल अधीक्षक सी.एल. प्रजापति स्वयं उपस्थित होकर लगातार प्रेरणा देते रहते हैं।



# विधायक ने लाड़ली बहना योजना के भरवाए फॉर्म

**पुष्पांजलि टुडे**



दमोह। मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा चलाई जा रही लाडली बहना योजना के फॉर्म भरने का कार्य किया जा रहा है। इस योजना में 23 वर्ष से 60 वर्ष तक की बहनों को प्रतिमाह मध्यप्रदेश सरकार द्वारा एक हजार रूपये दिया जायेगा। इसी क्रम में आज जबेरा विधानसभा जनपद तेंदूखेड़ा के ग्राम गुहची में जबेरा विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी पहुंचे और लाडली बहना योजना के अंतर्गत फॉर्म भरने का कार्य किया। उन्होंने फॉर्म भर रहे कर्मचरियों को निर्देशित किया कि सभी महिलाओं के फॉर्म समय-सीमा में भरे जाएं ताकि माह जून से लाडली बहना योजना के अंतर्गत सभी बहनों खाते में प्रतिमाह एक हजार रूपये मिलने का कार्य हो सके।

# बस्तर में धर्मांतरण का गंदा खेल बंद करने का दे संदेशः विकास मरकाम

## भूपेश बघेल को राजधर्म का पालन सिखाएं प्रियंका गांधीः विकास मरकाम

भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने प्रियंका गांधी के बस्तर दौरे को लेकर बयान जारी कर कहा है कि प्रियंका गांधी जी साढ़े चार साल से प्रदेश में आपकी सरकार के करतूतों के कारणआदिवासी असहनीय पीड़ा से गुजर रहे है। आजीविका छीन गया है, आरक्षण छीन गया है, हरा सोना समझे जाने वाले तेंदूपत्ता का बोनस बंद कर दिया गया है, पीने का पानी भी मुहैया नहीं है, आवास योजना भी रुका हुआ है, स्वास्थ्य सुविधाओं का बुरा हाल है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ भी प्रदेश के लोगों को नहीं मिल रहा। भूपेश सरकार राजनीतिक विद्वेष के चलते जानबूझकर योजनाओं में रोड़ा बनी हुई है। जब आप छत्तीसगढ़ दौरे पर है तो प्रदेश का आदिवासी समुदाय आपसे अपेक्षा और मांग करता है कि भूपेश बघेल को राजधर्म सिखाए। विकास मरकाम ने कहा प्रियंका जी बस्तर में साढ़े चार सालों से धर्मांतरण का गंदा खेल खेलकर आदिवासी संस्कृति को बर्बाद करने की साजिश की जा रही है। धार्मिक अंतर्कलह लगातार बढ़ रहा है। ईसाई मिशनरियों की हितैषी सरकार लगातार हिंदुत्व विरोधी एजेंडा को अंजाम दे रही है। इसके लिए बस्तर के नेताओ से बयान भी जारी करवाया जा रहा है कि आदिवासी हिंदू नही है जो कि शर्मनाक है। नेताओं की बस्तर में लक्षित हत्या हो रही है। आदिवासियो के रोजगार और आजीविका को खत्म कर दिया गया है इस पर भी आप पूरे कांग्रेस पार्टी को राजधर्म के पालन का आदेश देंगी यह भी आपसे अपेक्षा है। विकास मरकाम ने कहा कि जशपुर के उस कोरवा आदिवासी परिवार से प्रियंका गांधी को मिलना चाहिए जिन्होंने भूख और रोजगार के अभाव में सामूहिक आत्महत्या कर ली। राजनांदगांव के उस आदिवासी परिवार से भी मिलना चाहिए जिसमें एक किसान ने केसीसी के फर्जी कर्ज से परेशान होकर अपनी जान दे दी।

### भरोसे को ही पता नहीं है, भरोसे का पताः कौशिक

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने प्रियंका गांधी के बस्तर प्रवास को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने राज्य के विकास पर जरा भी ध्यान नहीं दिया है। कांग्रेस हमेशा इस बात का घमंड करती है कि हमें जनता ने विशाल जनमत के साथ सत्ता सौंपी है लेकिन जनता की उम्मीदों पर कांग्रेस कही पर भी खरी नहीं उतर रही है। कांग्रेस केवल औपचारिकता के रूप में भरोसे के नाम पर जनता से वाहवाही लूटने का काम कर रही है, पर प्रदेश की जनता का कांग्रेस की सरकार से भरोसा उठ चुका है। श्री कौशिक ने कहा कि कांग्रेस ने जिस तरह से अपने झूठे घोषणा पत्र को लेकर जनता को छलने का काम किया है उससे आज प्रदेश का हर वर्ग नाराज है और पूरे प्रदेश की जनता के अन्दर कांग्रेस के खिलाफ आक्रोश है। उन्होंनें कहा कि पूरे प्रशासन का दुरूपयोग हो रहा है। बस्तर में कलेक्टर-एसपी, पीसीसी के प्रतिनिधि के तौर कार्य कर रहें हैं। पूरी तरह से भीड़ जुटाने के लिये अधिनस्थों पर दवाब बना रहे हैं। वही अपने प्रस्तावित पराजय को देखकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भयभीत है।अब केवल भरोसा सम्मेलन का आयोजन एक तरह से उनके लिये विदाई पार्टी है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से पूरे प्रदेश में अपराध की घटनाएं हो रही है इससे भय का वातावरण व्याप्त है, कांग्रेस जब से सत्ता में आई पूरे प्रदेश भर में जंगलराज कायम है, राजधानी से लेकर न्यायधानी तक अपराधी तांडव मचा रहे हैं, पूरे प्रदेश में लोगों की हत्या हो रही है, सामूहिक बलात्कार हो रहे है, अपहरण हो रहे हैं, लूट हो रही है, डाके डल रहे है और यह तक कि सरकारी खजाने तक को लूटा जा रहा है।

# मेगा संकुल जामगांव में सुघ्घर पढ़वईया योजना के क्रियान्वयन पर आधारित राज्यस्तरीय वेबीनार संपन्न


**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**देवभोग।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत सुघघर पढ़वईया योजना के बेहतर क्रियान्वयन हेतु राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर के द्वारा वेबीनार का आयोजन किया गया जिसमें विकासखंड देवभोग के संकुल केंद्र जामगांव को मेगा संकुल संकुल के रूप में चिन्हित करते हुए संकुल केंद्र देवभोग, खुटगांव जामगांव, माडागांव, दीवानमुड़ा एवं मुडागांव के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शालाओं के शत प्रतिशत शिक्षकों ने ने प्रोजेक्टर के माध्यम से सहभागिता प्रदान किया। इस अवसर पर प्राचार्य श्री सुशील कुमार अवस्थी ने सभी शिक्षकों को अपने विद्यालय को सुघ्घर विद्यालय के रूप में स्थापित करने का आव्हान करते हुए शुभकामनाएं दी। सुघघर पढ़वईया योजना के बेहतर क्रियान्वयन पर आयोजित वेबीनार में बताया गया कि यह पूरी तरह से स्वेच्छा और स्वप्रेरणा की योजना है जिसमें वे शिक्षक शामिल हों जिनमें उत्कृष्टता की ललक है। इस योजना में भाग लेने वाले स्कूल सभी विद्यार्थियों में कक्षा अनुरूप न्यूनतम अकादमिक कौशल विकसित करने का प्रयास करेंगे। पोर्टल पर कक्षा अनुरूप अकादमिक कौशलों का आंकलन करने का टूल भी उपलब्ध है जिसका उपयोग करके शिक्षक अपने स्कूल की प्रगति का आकलन कर सकेंगे ।योजना में शामिल विद्यालय जब आंकलन से संतुष्ट हो जाए कि उनके सभी विद्यार्थियों में कक्षा अनुरूप अकादमिक कौशल विकसित हो गए हैं तो वह वेब पोर्टल पर थर्ड पार्टी के आंकलन लिए आवेदन कर सकेंगे । मूल्यांकन में इस प्रकार विद्यालय के सभी विद्यार्थियों का आकलन योजना के लिए स्वीकार किए गए समस्त अकादमिक कौशलो के लिए किया जाएगा और कम से कम 95त्न विद्यार्थियों में कक्षा अनुरूप अकादमिक कौशल होने पर ही विद्यालय को अंक मिलेगा । इस प्रकार विद्यालय की सभी कक्षाओं के लिए समस्त अकादमिक कौशलों हेतु प्राप्त अंकों के आधार पर सुघघर पढ़वईया प्लेटिनम,गोल्ड एवं सिल्वर का प्रमाण पत्र दिया जाएगा ।जिस विद्यालय को प्रमाण पत्र मिलेगा उस में पढ़ाने वाले सभी शिक्षकों को भी प्रमाण पत्र मिलेगा। इस मेगा संकुल स्तरीय आयोजन में श्री धवलेश्वर बेहेरा,श्री गजेन्द्र बीसी, श्री सलील नाग, श्री एल एस कश्यप,श्री नरेश टाडिल्य, श्री घनश्याम मिश्रा, श्री सुरेश चंद्र बघेल,श्री संतोष ठाकुर, श्री प्यारेलाल साहू, श्री अनिल सिन्हा, श्री निरंजन कश्यप, श्रीपी एल कश्यप, श्रीमती उषा वैष्णव, श्रीमती रमा पांडे,शसहित सभी शिक्षकों का सराहनीय सहभागिता रही।



# पाकिस्तान में आपातकाल जैसे हालात

पाकिस्तान ऐसे दौर से गुज़र रहा है जहां आर्थिक दिवालियापन, राजनीतिक उथल-पुथल और अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है। इस स्थिति में देश के प्रमुख राजनीतिक दलों और न्यायपालिका में बड़े टकराव ने,जिनमें सत्ताधारी पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) भी शामिल है, हालात और बिगाड़ दिए हैं। यदि स्थिति में सुधार न हुआ तो पूरी व्यवस्था ठप्प हो जाएगी और सेना को एक बार फिर सत्ता हथियाने का अवसर मिल जाएगा। हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अपनी कुर्सी बचाने के लिए देश में आपातकाल की घोषणा कर सकते हैं।



राष्ट्रपति अली द्वारा प्रमुख न्यायाधीश के अधिकारों में कटौती के बिल को बिना हस्ताक्षर वापस करने की घटना ने पाकिस्तान में चल रहे गतिरोध को एक नयी दिशा प्रदान कर दी है। राष्ट्रपति ने बिल पर हस्ताक्षर न कर और बयान देकर विरोध जताया कि इससे न्यायपालिका की स्वतंत्रता में अनावश्यक हस्तक्षेप होगा। पाकिस्तान के जानकारों का कहना है कि राष्ट्रपति पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी हैं। राष्ट्रपति मनोनीत होने से पहले वे उनकी तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। पाकिस्तान में एक बार फिर 1977 के हालात की पुनरावृत्ति होती नजर आ रही है। उस समय के राष्ट्रपति फारूक लेघारी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर उन्हें बर्खास्त कर दिया था। उस समय सज्जाद अली शाह जिन्हें भुट्टो सरकार ने दो वरिष्ठ न्यायाधीशों को किनारे कर मुख्य न्यायाधीश बनाया था, ने ही बेनजीर भुट्टो की बर्खास्तगी को सही ठहराया था। जजों की खंडपीठ ने एकमत से फैसला दिया था कि राष्ट्रपति के आदेश में काफी सही आरोप थे। जिनसे यह सिद्ध होता है कि दिशा-निर्देशों के अनुसार सरकार नहीं चल सकती और ऐसे में नए चुनाव करा कर मतदाताओं की राय जानना जरूरी है।

मौजूदा टकराव प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग पार्टी और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के बीच ही नहीं है बल्कि अधिक गम्भीर है। जिससे पाकिस्तान में पूरी प्रशासनिक व्यवस्था ठप्प होने के कगार पर है। दोनों नेता अपने-अपने कारणों से न्यायपालिका पर निशाना साध रहे हैं। जिससे सेना द्वारा हस्तक्षेप की सम्भावनाएं बढ़ गयी हैं। इमरान खान के इस बयान को हल्के से नहीं लिया जा सकता कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ऐसे हालात बना रहे हैं ताकि न्यायपालिका और सेना में टकराव हो। इमरान खान चुनाव कराए जाने का दबाव बना रहे हैं लेकिन प्रधानमंत्री शरीफ चुनाव टालना चाहते हैं। उन्हें पता है कि इस समय जनता उनके पक्ष में नहीं है और पाकिस्तान भी श्रीलंका की तरह आर्थिक दिवालियापन की राह पर है। एक नये घटनाक्रम में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने न्यायपालिका के साथ अब तक का सबसे बड़ा टकराव मोल ले लिया जब उन्होंने राष्ट्रीय असेंबली में मुख्य न्यायाधीश की शक्तियां कम करने का बिल पास करवा लिया। प्रधानमंत्री ने एक बयान में कहा कि इतिहास हमें माफ नहीं करेगा यदि मुख्य न्यायाधीश की शक्तियों पर अंकुश न लगाया गया क्योंकि वह इन शक्तियों का उचित प्रयोग नहीं कर रहे। इस बिल में यह प्रावधान रखा गया था कि मुख्य न्यायाधीश स्वयं किसी भी मामले का संज्ञान लेकर और पीठ का गठन कर महत्वपूर्ण मामलों में कार्रवाई आरम्भ नहीं कर सकते।

उधर, लंदन में रह रहे पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने उच्चतम न्यायालय पर प्रहार करते हुए आरोप लगाया है कि 2017 के बाद देश में बिगड़ते हालात के लिए उच्चतम न्यायालय ही जिम्मेदार है। उन्होंने याद दिलाया कि 1997 में इमरान खान की तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी ने धमकियां देकर मुख्य न्यायाधीश सज्जाद अली शाह को चुप करा दिया था।

यद्यपि पाकिस्तान में बिगड़ते हालात के बावजूद सेनाध्यक्ष जनरल आसिफ़ मुनीर ने अपने हस्तक्षेप का कोई इशारा नहीं दिया है लेकिन वह स्थायी तौर पर चुप बैठे रहेंगे, सम्भव नहीं है। पाकिस्तान में हालात बिगाड़ने पर सेना द्वारा तख्ता पलट के कई उदाहरण हैं। पहले सत्ता सम्भालने वाले सेनाध्यक्षों से विपरीत जनरल आसिफ़ मुनीर यह संदेश देने का झूठा प्रयास कर रहे हैं कि मौजूदा राजनीतिक उठा-पटक में वह किसी के पक्ष में नहीं हैं। लेकिन यह संदेश तो जाता है कि सेना इमरान खान सरकार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के पक्ष में नहीं है, जिसका लाभ शहबाज शरीफ सरकार को मिल सकता है। इमरान खान पूर्व सेनाध्यक्ष कमर जावेद बाजवा का खुल कर विरोध कर चुके हैं, जो 2022 में सेवानिवृत्त हुए थे। एक अन्य घटनाक्रम का घाटा इमरान खान को पहुंचेगा, जिसमें सेनाध्यक्ष ने चुनाव आयोग को स्पष्ट कर दिया है कि सेना पंजाब प्रांत में चुनावों की निगरानी नहीं कर पाएगी क्योंकि इस क्षेत्र में कई उग्रवादी संगठन सक्रिय हैं और वे सुरक्षाबलों को निशाना बना रहे हैं, साथ ही अफगानिस्तान के साथ लगते खैबर पख्तून्वा इलाके में हालात खराब हैं। इसका सीधा लाभ शरीफ सरकार को मिल रहा है जो चुनाव नहीं कराने के पक्ष में हैं। वहीं चीनपाकिस्तान के राजनीतिक हालात पर पैनी नजर रख रहा है। वजह है इस क्षेत्र में अमेरिका के प्रभाव को कम करने के लिए चीन को पाकिस्तान की जरूरत है। अमेरिका क्वाड आदि नये संगठन बनाकर एशिया क्षेत्र में चीन का दबाव कम करने की रणनीति पर काम कर रहा है। हाल ही में पाकिस्तान को दिवालियापन से बचाने के लिए चीन ने 70 करोड़ डॉलर का ऋण दिया है और मदद की उम्मीद की जा रही है। चीन अपने 5000 अरब डॉलर के महत्वाकांक्षी सड़क योजना की सफलता के लि?ए भी पाकिस्तान पर निर्भर है। विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान में बिगड़ते राजनीतिक हालात का भारत पर बड़ा असर पड़ेगा क्योंकि अनिश्चितता के कारण कई आतंकी गुट सक्रिय होंगे जो भारत को निशाना बनाने की फ़िराक़ में होंगे। इस समय भी शरीफ सरकार और पाकिस्तानी सेना कई ऐसे आतंकी संगठनों को संरक्षण दे रही है। पाकिस्तान अपनी दयनीय आर्थिक हालत से निपटने के लिए अंतर्राष्टीय मुद्रा कोष से ऋण लेने का प्रयास कर रहा है। अब जब सऊदी अरब ने भी 2 अरब डॉलर की सहायता का आश्वासन दिया है तो इसके मिलने की सम्भावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। यद्यपि अंतर्राष्टीय मुद्रा कोष ने दिवालिये पाकिस्तान की मदद करना स्वीकार कर लिया है लेकिन इस पर नयी कड़ी शर्तें लगा दी हैं। इसकी वजह से पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कमाई करने वाली औद्योगिक इकाइयों पर गरीबी टैक्स लगाने को हामी भर दी है। विशेषज्ञों का मानना है कि दिवालियेपन के हालात समूची व्यवस्था को तहस-नहस कर सकते हैं, जिससे जनाक्रोश बढ़ेगा। निस्संदेह, पाक अपनी स्थापना से लेकर अब तक के सबसे मुश्किल दौर से गुजर रहा है और उच्चतम न्यायालय और शरीफ सरकार में चल रहे टकराव ने हालात को और भी गम्भीर बना दिया है।

## संपादकीय

# आप की धाक

महज एक दशक पहले बनी आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिलना निस्संदेह चमत्कारिक सफलता ही कहा जायेगा। वह भी उसी समय जबकि कई दिग्गज नेताओं की पार्टियों मसलन नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी, तृणमूल कांग्रेस तथा कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया का राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा खत्म हो गया है। आप की यह सफलता केंद्रीय चुनाव आयोग के संवैधानिक प्रावधान के अनुरूप ही संभव हुई है। दरअसल, चुनाव आयोग के नियम 1968 के अनुसार, किसी राजनीतिक पार्टी का चार राज्यों में लोकसभा या विधानसभा का चुनाव लड़ना, इन चुनावों में कम से कम छह प्रतिशत वोट हासिल करना, किसी राज्य या राज्यों से चार सांसद चुने जाने अथवा लोकसभा में दो प्रतिशत सीट हासिल करने पर अथवा चार राज्यों में क्षेत्रीय पार्टी होने का रुतबा हासिल होने पर राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिल जाता है। इसके चलते आप को अब एक चुनाव चिन्ह पर पूरे देश में चुनाव लड़ने का अवसर मिल सकेगा। दरअसल, आम आदमी पार्टी ने चार राज्यों में छह प्रतिशत से ज्यादा वोट हासिल कर लिये थे। आप ने दिल्ली व पंजाब में जहां सरकार बनायी, वहीं गुजरात में तेरह प्रतिशत व गोवा में छह प्रतिशत से अधिक वोट हासिल कर लिये थे। जाहिर बात है कि राष्ट्रीय दल का दर्जा मिलने से आप के खेमें में खुशी की बयार है। अरविंद केजरीवाल महज दस साल में हासिल पार्टी की कामयाबी को चमत्कार की संज्ञा दे रहे हैं। वह भी ऐसे समय में जब तीन महत्वपूर्ण पार्टियों से यह दर्जा छिन गया है। आप के लिये यह सुखद इसलिए भी कि अगले साल देश में आम चुनाव होने जा रहे हैं, जिसके चलते वह राष्ट्रीय राजनीति में अपनी दावेदारी पेश कर सकती है। इस वर्ष भी कुछ महत्वपूर्ण राज्यों में भी विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में पार्टी जनता के बीच जाकर खुद को राष्ट्रीय राजनीति के विकल्प के रूप में पेश करेगी। बहरहाल, बहुत संभव है केजरीवाल को आने वाले समय में बड़े विपक्षी नेता के रूप में भूमिका निभाने का मौका मिले। लेकिन एक बात तो तय है कि राष्ट्रीय राजनीति में केजरीवाल का कद हर हाल में बढ़ेगा। निस्संदेह, राष्ट्रीय दल का दर्जा हासिल करने के बाद आप के लिये राजनीतिक परिदृश्य में बहुत कुछ बदलने वाला है।


# प्राकृतिक आपदा

प्रकृति को संजोने का किया था वादा,
होते ही युवा बदल गया नेक इरादा,
पेड़ों को समझा रास्ते का काँटा,
चकराई है बुद्धि पाया है घाटा,
एक तरफ लंबी उम्र दूसरी ओर स्वार्थ,
मिट गया मानवता में आज परमार्थ,
नहीं होती मुश्किल इंसान अगर जागता,
अपनी भूल से आती प्राकृतिक आपदा।

बंब गोलों हथियारों से छलनी हुई धरती,
क्या लेना इनको जनता है मरती,
जल थल नभ में प्रदूषित हुआ पर्यावरण,
दूभर हुआ है लेना सांस और रखना चरण,
परिणाम क्या होगा इससे बेपरवाह,
बच्चों का भविष्य भी किया है तबाह,
आपदा से होते हैं कई लोग लापता,
अपनी भूल से आती प्राकृतिक आपदा।

पर्यावरण को संजोना क्यों नहीं सीखा,
दिखा रहा इंसान आज एक दूसरे को नीचा,
भौतिकता समृद्धि से हुआ मद में चूर,
इंसानियत से हो रहा दिन प्रतिदिन दूर,
जीवनभर आसान नहीं करना उछल कूद,
बदलता है समय आंखें जाती है मूंद,
सदा बुरा सोचने वाला खाता है खता,
अपनी भूल से आती प्राकृतिक आपदा।

खुद जी और जीने दे जिंदगी शान से,
करता चल खूब तरक्की विद्या के पान से,
लड़ाई -झगड़े में कुछ नहीं रखा छोड़ कलह क्लेश,
करना है खुद को विकसित न कर द्वेष,
होगा किसी के दुख में खड़ा साथ लोग चलेंगे,
बेकार है जिंदगी वरना लोग नफरत करेंगे,
जो करके नुकसान फिर है भागता,
अपनी भूल से आती प्राकृतिक आपदा।



डॉ विनोद कुमार शर्मा, चंडीगढ़

# गांवों में गंभीर रोगों के उपचार की पहल

आईटी क्षेत्र में भारत का अग्रणी रहना कई मायनों में वरदान है। अब इसका असर हेल्थ सेवाओं में दिखने लगा है। हालांकि यह शुरुआती दौर में है लेकिन प्रगति तेजी से हो रही है। बीमारियों और मरीजों की पहचान से लेकर उनके इलाज तक के लिए डिजिटल सेवाओं का इस्तेमाल अब आम होता जा रहा है। कोविड काल में जिस तरह से करोड़ों लोगों को टीके दिये गये और उनके रिकॉर्ड आसानी से उपलब्ध हो गये। अब ऑनलाइन सेवाएं तो उपलब्ध होती ही जा रही हैं, हर व्यक्ति का स्वास्थ्य रिकॉर्ड डिजिटल होता जा रहा है और डॉक्टरों के लिए उसे एक्सेस करना आसान भी है।



इस दिशा में गोवा ने बहुत तरक्की की है और वहां के गांवों में भी डिजिटल सेवाओं ने अपनी पैठ बना ली है। वहां के प्राइमरी हेल्थ सेंटरों में भी डिजिटल सेवाएं हैं और डॉक्टर तथा मेडिकल स्टाफ इसके लिए पूरी तरह से प्रशिक्षित हैं। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण गोवा शहर से 20 किलोमीटर दूर कोर्लिम में है जिसे स्थानीय भाषा में खोर्ले भी कहते हैं। इस सेंटर में आयुष्मान भारत के एप के जरिये आभा आईडी न केवल सृजित किये जाते हैं बल्कि इलाज भी किये जाते हैं। अब तक हजारों लोगों ने यह आईडी बनवायी है क्योंकि यह सिर्फ एक मिनट में ही बन जाता है। उस व्यक्ति की स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां डिजिटल हो जाती हैं जो डॉक्टर कहीं भी, कभी भी देख सकते हैं, उसका निदान कर सकते हैं। इस सेंटर में टेलीमेडिसिन और टेली कंसल्टेशन की पूरी सुविधा है।

इस सेंटर में इम्युनाइजेशन का भी काम चलता रहता है और गांव के लोग उसका फायदा उठाते रहते हैं। यहां के मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज डॉक्टर केदार रायकर बताते हैं कि हम ये जानकारियां बड़े सेंटर या फिर गोवा मेडिकल कॉलेज तक आसानी से पहुंचा देते हैं और वहां से निदान हो जाता है। खोर्ले के इस छोटे से सेंटर में दिल के दौरे और स्ट्रोक का भी निदान होता है और जरूरत पड़ने पर मरीजों को एंबुलेंस से बड़े अस्पताल में ले जाया जाता है। लेकिन जो बेसिक सेंटर सबसे ज्यादा हैरान करता है वह है धारबंदोरा तालुका का बेसिक हेल्थ सेंटर, जिसमें 15 बेड तो हैं ही, यहां डायलिसिस की बड़ी सुविधा है तथा कैंसर की पहचान होती है। यहां हर महीने औसतन 5000 मरीजों का इलाज होता है। इसके लिए यहां पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह फाउंडेशन ने कैंसर की पहचान के लिए आठ लाख रुपये कीमत की एक मशीन दी है जिससे कई महिलाओं के स्तन कैंसर का इलाज होता है।

इंचार्ज डॉक्टर संदेश मडकाइकर बताते हैं कि यहां कैंसर की पहचान के लिए व्यवस्था है और ऐसे मरीजों के रिकॉर्ड मेडिकल कॉलेज भेजे जाते हैं तथा उनके इलाज की व्यवस्था होती है। तालुका के इस सेंटर में दिल के मरीजों के इलाज की व्यवस्था की जाती है। यहां आंखों के चेकअप और ऑपरेशन की भी व्यवस्था है। इम्युनाइजेशन की यहां बेहतरीन और व्यवस्थित व्यवस्था है। यह बेसिक सेंटर पूरे भारत के लिए एक मिसाल है जहां वह सुविधाएं हैं जो बड़े-बड़े अस्पतालों में भी नहीं हैं। गांव में बना एक सरकारी अस्पताल जहां डायलिसिस होता है, कैंसर और दिल की बीमारियों का निदान होता है देश के सामने एक उदाहरण है। सारा कुछ बिल्कुल मुफ्त।

स्वास्थ्य सचिव अरुण मिश्रा कहते हैं कि यह तो शुरुआत है, अब तक ढाई लाख से भी ज्यादा आभा आईडी सृजित किये जा चुके हैं। गोवा डिजिटल हेल्थ सेवाओं के मामले में देश का अग्रणी राज्य बन चुका है। दुनिया के सबसे खूबसूरत गांवों में से एक अलडोना गोवा का ही एक और बेसिक सेंटर है जो मेडिकल सुविधाओं से पूरी तरह से लैस है। यहां जनरल ओपीडी से लेकर इमर्जेंसी तक से निपटने की व्यवस्था है। दिल की बीमारियों का पता लगाने के लिए एसटीईएमआई प्रोग्राम भी है। ई-संजीवनी के जरिये ऑनलाइन इलाज की भी सुविधा यहां है। अन्य हेल्थ सेंटरों की तरह ही यहां भी मुफ्त दवाइयां दी जाती हैं। इसका मतलब हुआ कि मरीज को अपने संग पुराने नुस्खे वगैरह नहीं ले जाना होता है। कंप्यूटर के एक क्लिक से सभी कुछ उपलब्ध हो जाता है। गांव का यह सेंटर इस मायने में भी अलग है कि जरूरत पड़ने पर डॉक्टर मरीजों के घर भी चले जाते हैं। दिसंबर से यहां दिल के रोग की पहचान की व्यवस्था है। गंभीर रोगियों को गोवा मेडिकल कॉलेज ले जाया जाता है। गोवा की हेल्थ सेवाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग हो रहा है, जिससे मरीजों के इलाज में काफी मदद मिल रही है। यहां डिजिटल सेवाओं पर बहुत जोर है जिससे मरीजों का इलाज करना आसान हो गया है। भारत का यह सुरम्य राज्य देश के अन्य राज्यों के लिए एक उदाहरण पेश करता है। अब तक केरल के बारे में कहा जाता था कि वह इस मामले में अग्रणी है लेकिन गोवा अब नई मिसाल बना है। समय आ गया है कि हरियाणा, पंजाब जैसे राज्य भी इसका अनुकरण करें और जनता को स्वस्थ बने रहने में मदद करें।

# प्रधानमंत्री मुद्रा योजना- आजीविका के लिए ऋण समर्थन

इस योजना ने छोटे उद्यमों को समर्थन दिया है और शुरुआत के आठ वर्षों में भारतीय सूक्ष्म-ऋण इकोसिस्टम को पुनर्जीवित किया हैसौम्य कांति घोषभारत की प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) ने 8 अप्रैल को आठ वर्ष पूरे किए हैं, ऐसे में हम इस ऋण समर्थन कार्यक्रम द्वारा बड़े पैमाने पर किए गए परिवर्तनों पर नजर डाल सकते हैं, जिसकी परिकल्पना 2014-15 के निराशा से भरे दिनों में की गई थी, जब हमारा औपचारिक वित्तीय क्षेत्र, विशेष रूप से देश के सामाजिक-सांस्कृतिक ताने-बाने पर इसके प्रभाव को लेकर, खराब ऋणों के दौर से गुजर रहा था। पीएमएमवाई केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं में से एक है, जो स्व-रोजगार को प्रोत्साहित करती है। यह योजना उन सूक्ष्म और स्वयं के प्रयासों से परिचालित उद्यमों को लक्षित करती है, जो भारत में एक जीवंत व्यापार इकोसिस्टम का निर्माण करते हैं। सूक्ष्म उद्यम ज्यादातर विनिर्माण, प्रसंस्करण, व्यापार और सेवाओं से जुड़े हैं और इनमें से कई इकाइयां एकल-स्वामित्व वाले व्यवसाय की श्रेणी में हैं।देश की औपचारिक या संस्थागत संरचना, इन इकाइयों तक पहुंचने और उनकी वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने में असमर्थ थी। ये इकाइयां बड़े पैमाने पर स्व-वित्तपोषित थीं या व्यक्तिगत नेटवर्क या साहूकारों पर निर्भर थीं। इस अंतर को ध्यान में रखते हुए, बैंक सुविधा से वंचित बड़े क्षेत्र और औपचारिक ऋणदाताओं के बीच आसान माध्यम बनाने के उद्देश्य से पीएमएमवाई की शुरुआत की गई थी। 2015 में शुरू की गयी पीएमएमवाई 10 लाख रुपये तक का गिरवी-मुक्त संस्थागत ऋण प्रदान करती है। यह ऋण सुविधा सदस्य ऋणदाता संस्थानों (एमएलआई) द्वारा दी जाती है- जिनमें अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी), क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी), गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) और सूक्ष्म वित्त संस्थान (एमएफआई) शामिल हैं।पीएमएमवाई के तत्वावधान में, सूक्ष्म इकाई विकास एवं पुनर्वित्तपोषण संस्थान (मुद्रा) ने तीन उप-योजनाएँ तैयार कीं, जिनमें केवल ऋण धनराशि की रकम की दृष्टि से भिन्नता है- शिशु (50,000 रुपये तक के ऋण के लिए), किशोर (50,001 रुपये से 5 लाख रुपये तक के लिए) और तरुण (500,001 रुपये से 10 लाख रुपये तक के लिए)। शिशु, किशोर और तरुण के रूप में उप-योजनाओं के ये नाम भी लाभार्थी सूक्ष्म इकाई के विकास और इसकी धन संबंधी जरूरतों के चरण को दर्शाते हैं। कोई भी व्यक्ति, जो ऋण लेने का पात्र है और उसके पास एक छोटे व्यवसाय उद्यम के लिए व्यवसाय योजना है, योजना के तहत ऋण प्राप्त कर सकता है।लॉन्च होने के बाद से, इस योजना में कई बदलाव हुए हैं। उदाहरण के तौर पर, सकारात्मक आर्थिक प्रभाव को अधिकतम करने के लिए इसके लक्षित क्षेत्र का विस्तार किया गया है। प्रारंभ में, पीएमएमवाई केवल विनिर्माण, व्यापार और सेवाओं के क्षेत्रों में आय सृजित करने वाले गतिविधियों को कवर करती थी। हालाँकि, 2016-17 से, कृषि से जुड़ी गतिविधियों और आजीविका को बढ़ावा देने वाली सहायक सेवाओं को भी इसके दायरे में लाया गया है; 2017-18 से, ट्रैक्टर और पावर टिलर की खरीद के लिए ऋण मंजूर किए गए हैं और 2018-19 से वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए दुपहिया वाहन खरीदने के लिए ऋण को भी शामिल किया गया है।इस योजना ने कुल ऋण-वितरण में पहले तीन वर्षों में औसतन 33त्न की वृद्धि दर्ज की। इससे पता चलता है कि इसके प्रस्ताव का लोगों ने स्वागत किया है। कोविड महामारी के प्रकोप और उसके बाद आर्थिक गतिविधियों में मंदी ने इन ऋणों की मांग को प्रभावित किया। इस चरण के दौरान, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के एक विशेष राहत की घोषणा की, जिसके तहत सभी ऋण देने वाली संस्थाओं को योजना के अंतर्गत सभी किस्तों के भुगतान पर छह महीने की छूट देने का प्रावधान था। अर्थव्यवस्था के फिर से खुलने के बाद पीएमएमवाई के तहत ऋण की मांग में तेजी आई है। अधिकांश श्रेणियों में, ऋण-वितरण कोविड-पूर्व के स्तरों को पार कर गए हैं। 24 मार्च 2023 तक, योजना का संचयी ऋण-वितरण धनराशि 22.65 ट्रिलियन रुपये है। शिशु ऋण की हिस्सेदारी सबसे अधिक 40त्न है, जिससे पता चलता है कि पीएमएमवाई ने बड़े पैमाने पर पहली बार के उद्यमियों को समर्थन प्रदान किया है।पीएमएमवाई का आर्थिक प्रभाव अब अच्छी तरह से स्थापित हो चुका है। श्रम और रोजगार मंत्रालय के सर्वेक्षण के परिणामों के अनुसार, इस योजना ने 2015 से 2018 की अवधि के दौरान 11.2 मिलियन शुद्ध अतिरिक्त नौकरियां पैदा करने में मदद की थी।पीएमएमवाई का सामाजिक प्रभाव भी अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसे तीन स्तरों पर समझा जा सकता है। योजना के प्रभाव, विशेष रूप से इन तीन स्तरों पर हैं - (1) व्यापक सामाजिक समूह (2) महिलाएं और (3) अल्पसंख्यक समुदायों के सदस्य।पहले के संदर्भ में, पीएमएमवाई ने भारतीय समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित किया है- सामान्य, अनुसूचित जाति/जनजाति (एससी/एसटी) समूह और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी)। हाल के दिनों में इन ऋणों का लाभ उठाने में ओबीसी और एससी की बढ़ती भागीदारी इस योजना की व्यापक पहुंच का संकेत देती है।योजना की सबसे प्रशंसनीय उपलब्धियों में से एक है - महिला उद्यमिता को बढ़ावा। शुरुआत के बाद से इसके संचयी आंकड़ों में, महिलाओं द्वारा धारित खातों की हिस्सेदारी 69त्न है, जबकि मंजूर की गयी सूची में महिलाओं की हिस्सेदारी 45त्न है। योजना के पहले चार वर्षों में, महिला उद्यमियों के लिए ऋण-वितरण में औसतन 23त्न की वृद्धि दर्ज की गई। 2022 में, इसने 28त्न की मजबूत वृद्धि दर्ज करते हुए अपने कोविड-पूर्व के स्तर को पार कर लिया।समावेश के अन्य उपायों में भी पीएमएमवाई का प्रदर्शन अच्छा रहा है। यह योजना अल्पसंख्यकों की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम रही है। अल्पसंख्यक समूहों के सदस्यों के लिए ऋण, 2022 में सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया और कुल ऋण में उनकी कुल हिस्सेदारी 10त्न रही, जिसमें शिशु और किशोर ऋण का हिस्सा, कुल संचयी ऋण-वितरण का 85त्न था।चूंकि पीएमएमवाई एक राष्ट्रीय योजना है, संतुलित आर्थिक विकास के दृष्टिकोण से इसकी सभी स्थानों पर उपस्थिति एक महत्वपूर्ण विचार है। भारत की विकास नीति का एक उद्देश्य देश के फलते-फूलते पश्चिमी और पिछड़े पूर्वी भागों के बीच के अंतर को कम करना रहा है। खातों की संख्या और वितरित धनराशियों पर आधारित हर्फ़िन्डहल सघनता सूचकांक का अनुमान, राज्यों और उत्पादों के सन्दर्भ में इस योजना के महत्वपूर्ण विस्तार को दर्शाता है। यह प्रभावशाली भौगोलिक कवरेज को इंगित करता है।उत्तर प्रदेश, ओडिशा और बिहार जैसे राज्यों को पीएमएमवाई से कई तरह के लाभ हुए हैं। पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा ने भी अपने कुल हिस्सेदारी में वृद्धि दर्ज की है (और किशोर और तरुण श्रेणियों में भी), जो लाभार्थियों के सन्दर्भ में, पूर्वी भाग की ओर प्रवाह का संकेत देती है। राष्टीय राजधानी क्षेत्र, महाराष्ट, कर्नाटक और गोवा जैसे विकसित क्षेत्रों ने अपनी हिस्सेदारी में गिरावट देखी है, भले ही वे इस योजना में अपेक्षाकृत प्रमुख भूमिका में रहे हों।कुल मिलाकर, पीएमएमवाई ने, अपने संचालन के नौवें वर्ष के दौरान, सामाजिक समूहों में स्वरोजगार को बढ़ावा देकर, वाणिज्यिक-बैंक ऋण की दृष्टि से महिलाओं की भागीदारी दर को दोगुना करके और अल्पसंख्यक समूहों की भागीदारी को बढ़ावा देकर; लाभों के समान और निष्पक्ष स्थान-आधारित वितरण के अपने उद्देश्य हासिल किये हैं।आने वाले वर्षों में, यह आवश्यक है कि पीएमएमवाई 5जी तकनीक और ई-कॉमर्स के लाभों को प्राप्त करे, भले ही मुद्रा कार्ड को और अधिक लोकप्रिय किया जा रहा हो। स्व-खाता उद्यमों के पंजीकरण और औपचारिकता को प्रोत्साहित करना, इस योजना को नई ऊंचाई पर ले जाने का एक और तरीका हो सकता है।विख्यात मानवविज्ञानी ऑस्कर लुईस ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक, द चिल्ड्रन ऑफ सांचेज' में तर्क दिया था कि गरीबी की संस्कृति समय के साथ खुद को कायम रखती है और अक्सर सीमाओं को पार कर जाती है। पीएमएमवाई ने, बहुत कम समय में, न केवल गरीबी की इस संस्कृति को समाप्त करने के प्रयास किये हैं और इसे बदल देने में सफल रहा है, बल्कि भारतीय सूक्ष्म-ऋण इकोसिस्टम में जीवंतता और कर-सकते-हैं' की भावना का संचार किया है। पीएमएमवाई स्पष्ट रूप से सामान्य समस्याओं का एक असामान्य समाधान रहा है।

लेखक समूह मुख्य आर्थिक सलाहकार, भारतीय स्टेट बैंक हैं और ये लेखक के निजी विचार हैं।

# वोट के खातिर कुछ लोग महात्मा फुले एवं बाबा साहब की जयंती मनाने को आतुर : बसपा

**सर्किट हाउस में 12 बजे की रखी गई थी प्रेस कांफ्रेंस प्रशासन द्वारा सर्किट हाउस पर कांफ्रेंस करने से रोका गया, प्रशासनिक अधिकारी भाजपा के कार्यकर्ता जैसे काम कर रहे है दिलीप बौद्ध**

पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । बहुजन समाज पार्टी के ग्वालियर संभाग जोन प्रभारी दिलीप बौद्ध एडवोकेट ने प्रेस कांफ्रेस कर कहा कि इस देश में फुले, साहु, डॉ अम्बेडकर सहित बहुजन महापुरूषों की विचारधारा पर चलने वाली एक मात्र पार्टी बहुजन समाज पार्टी है। किन्तु वर्तमान समय में बहुजन समाज के राजनैतिक शक्ति के रूप में उभरने के कारण अब उनके वोट के खातिर भाजपा और कॉग्रेस स्वार्थ के खातिर जातिवादी तत्व महात्मा ज्योतिवाराव फुले एवं बाबा साहब अम्बेडकर जयंती दिखावटी रूप से मनाने को आतुर है। आज भाजपा और कॉग्रेस पार्टिया अपना राजनैतिक हित साधने के लिए बहुजन समाज के वोटों के खातिर नाटक कर रही है। जो कॉग्रेस इस देश व प्रदेश में लम्बे समय तक सत्ता में रही तब हमेशा बाबा साहब व महात्मा ज्योतिबाराव फुले का अपमान किया, कॉग्रेस का जुल्म जातिवादी इतिहास, सभी को याद है। अब चुनाव के कारण भाजपा व कांग्रेस के नेता बाबा साहब अम्बेडकर के चरणों में है । भाजपा सरकार भी कॉग्रेस की सोच पर चलकर जुल्म, जाति का बढ़ावा देने का कार्य कर रही है। श्री बौद्ध ने कहा कि बहुजन समाज के लोग अब भाजपा, कॉग्रेस के चुंगल में फसने वाले नही



है। बहुजन समाज पार्टी एंव उसके समर्थक पूरे जिले में बाबा साहब की जयन्ती बड़े धूमधाम से मना रहे है। श्री बौद्ध ने कहा कि कांशीराम कहा करते थे कि मेरे प्यारे बहुजन समाज के लोगों अगर कोई पार्टी या संगठन राजनेता, अचानक आपके महापुरूषों के प्रति व्यवहार बदल ले तो उनसे हमेशा सर्तक रहना होगा। श्री बौद्ध ने बताया कि सर्किट हाउस पर दोपहर 12 बजे की प्रेस कांफ्रेस रखी गई थी जिसे जिला प्रशासन ने होने नहीं दिया ,आनन फानन में दूसरी स्थान पर प्रेस कांफ्रेंस की गई। ऐसा लगता है कि जिला प्रशासन के अधिकारी भाजपा के कार्यकर्ता जैसे काम कर रहे हैं। श्री बौद्ध ने अपील करते हुए कहा कि बाबा साहब अम्बेडकर जयन्ती का पर्व मेरे बहुजन समाज के लोग बहुत ही हर्ष उल्लास खुशी का दिन हैं। उस दिन सभी साथी प्रेम, भाईचारे का संदेश देते हुए खुशियाँ मनाये एवं विरोधियों के षड़यंत्रों से सावधान रहते हुए विधानसभा चुनाव 2023 में विरोधियों को सबक सिखाने का संकल्प लें। प्रदेश प्रभारी सुनील बघेल,जोन प्रभारी दिलीप बौद्ध, जिला प्रभारी लालसिंह कुशवाहा, जिलाध्यक्ष मेघसिंह नरवरिया, जिला महासचिव लवलेश खेर,अटेर पूर्व प्रत्याशी संजीव बघेल संजू ,कोषाध्यक्ष दिलीप गोपाल, सचिव रामनरेश रायपुरिया,रणवीर, विनोद शर्मा, विधानसभा सभा अध्यक्ष अवनीश मौर्य मौजूद रहे।

# अवैध परिवहन कर रहे एक ट्रेक्टर ट्राली को पुलिस ने किया जप्त

पंकज त्रिपाठी, पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपूसे के निर्देशन में एवं डीएसपी हेड क्वार्टर अरविंद शाह के मार्गदर्शन में अवैध रेत उत्खनन परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 12 अप्रैल 2023 को ऊमरी पुलिस ने अवैध रेत परिवहन कर रहे एक रेत से भरे ट्रेक्टर ट्राली को जप्त करने में सफलता प्राप्त की। 12 अप्रैल को सूचना मिली कि पाण्डरी रोड से एक सोनालिका ट्रेक्टर ट्राली में अवैध रेत भरकर ले जा रहा है उक्त सूचना पर रवाना होकर पाण्डरी तिराहा पहुंचा जहां पाण्डरी तरफ से एक सोनालिका ट्रेक्टर आता दिखाई दिया जिसकी ट्राली में रेत भरा हुआ था ट्रेक्टर चालक ने पुलिस वाहन को देखकर ट्रेक्टर को रहवासी गली में मोड दिया जिससे ट्रेक्टर ट्राली गली में फंस गई तथा ट्रेक्टर चालक मौके से भाग गया उक्त ट्रेक्टर की तलाशी ली गई तो रेत परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। बाद ट्रेक्टर को दूसरे ट्रेक्टर टूचन की मदद से निकाला गया। उक्त ट्रेक्टर ट्राली को अवैध रेत परिवहन करते पाये जाने से ट्रेक्टर ट्राली को जप्त कर सुरक्षार्थ थाना परिसर पर खडा किया गया। उक्त जप्त शुदा ट्रेक्टर ट्राली के विरुद्ध कार्यवाही हेतु खनिज विभाग को प्रतिवेदन भेजा जावेगा। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी ऊमरी निरीक्षक मनोज राजपूत, प्र. आर. उमरदराज खान,आरक्षक प्रताप रजक,आलेश यादव,राहुल सिंह तोमर,सैनिक रमेश सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले आरोपी को सिटी पुलिस ने किया गिरफ्तार

पंकज त्रिपाठी, पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार व नगर पुलिस अधीक्षक निशा रेड्डी के मार्ग दर्शन मे थाना सिटी कोतवाली निरीक्षक शिव सिहं यादव व उनकी टीम द्वारा की गई कार्यवाही । दिनांक 8 अप्रैल 2023 को कुछ लडको द्वारा इटावा रोड पर काली माता मंदिर के सामने रंगदारी दिखाने के लिये हवाई फायर किये थे जिसमें थाना



सिटी कोतवाली द्वारा अप.क्र. 120/23 धारा 308, 323, 294, 34 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । दिनांक 12 अप्रैल 2023 को मुखबिर की सूचना पर प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार किया गया आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 315 बोर का कट्टा व एक खाली खोका एवं मोटरसायकिल बजाज प्लेटिना एमपी 30 एमबी 6873 को जप्त किया गया तथा आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया जहां से आरोपी को माननीय न्यायालय द्वारा जेल भेजा गया ।

**जप्त मशरूका** – एक 315 बोर का कट्टा, एक खाली खोका एवं मोटरसायकिल बजाज प्लेटिना एमपी 30 एमबी 6873 ।

संयुक्त टीम जिसके द्वारा कार्यवाही की गई- निरीक्षक शिव सिह यादव, उपनिरीक्षक अतुल भदौरिया,सहायक उपनिरीक्षक रघुवीर सिंह,प्रधान आरक्षक राकेश भदौरिया,प्रधान आरक्षक राजवीर भदौरिया,आरक्षक दीपक राजावत,आरक्षक अभिषेक यादव की सराहनीय भूमिका रही ।

# जीतो जेबीएन पायोनियर के गठन के साथ ही लीडरशिप भी नियुक्त

पुष्पाजंली टुडे

बेंगलुरू ज्जीतो जेबीएन का मिशन व्यापारियों एवं पेशेवरों को कनेक्ट करने एवं नेटवर्क बनाने तथा उन्नति का एक मंच प्रदान करना है जिसके वास्तविक धरातल पर परिणाम भी मिले है। और इसी के फलस्वरूप जेबीएन में बढ़ती सदस्य संख्या को समायोजित करने और वर्गानुसार सबको मौका मिले इसी उद्धेश्य से जीतो बैंगलोर नार्थ के जेबीएन में एक और अध्याय को जोड़ते हुए जेबीएन पायोनियर का गठन कर उसकी लीडरशिप भी नियुक्त की गई। बैंगलुरु के होटल आईटीसी गार्डेनिया में आयोजित कार्यक्रम में जेबीएन पायोनियर का गठन कर 36 सदस्यों को शपथ दिलायी गई और देवेंद्र जैन को अध्यक्ष, मोनिश बोथरा को उपाध्यक्ष एवं प्रेक्षा कातरेला को सचिव नियुक्त किया गया। जीतो बैंगलुरु नार्थ के अध्यक्ष इंदरचंद बोहरा ने आयोजन में पायोनियर से जुड़े नवीन सदस्यों को शुभ कामनायें दी तथा उनको अनुसाशन के महत्व के बारे में समझाया। नार्थ सचिव तथा जेबीएन संयोजक प्रमोद बाफना ने जेबीएन से जुड़कर समाज के लाभ के लिये एक-दूसरे के विकास में मदद करते हुए अपने



व्यक्तिगत विकास का लाभ उठाने का आग्रह किया साथ ही उन्होंने नेटवर्किग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जेबीएन सदस्यों के व्यवसाय में मूल्य वृद्धि का काम करता है। इस दौरान केकेजी जोन जेबीएन संयोजक तुषार बाफना के नैतृत्व में केकेजी जोन टीम द्वारा एक ओरिएंटेशन द्वारा जेबीएन के विभिन्न वर्टिकल्स और जेबीएन सदस्यों के लिये उपलब्ध अवसरों के बारे में बताया गया।आयोजन में विधान ज्वेल्स प्रा. लि. द्वारा पायोनियर की रोस्टर बुक लॉंच की गई। पायोनियर के नव नियुक्त अध्यक्ष देवेंद्र जैन ने कहा कि जेबीएन बैंगलुरु के समाज के व्यापारिक एवं पेशेवरो के बीच विकास एवं सहयोग को बढ़ावा देने के लिये प्रतिबद्ध है। साथ ही उन्होंने कहा कि पायोनियर के गठन के साथ ही जेबीएन ने अपने मिशन को पूरा करने और एक मजबूत समुदाय बनाने की दिशा में एक और कदम उठाया है। जेबीएन की यात्रा में एक अध्याय की शुरुआत को चिह्नित करते हुए कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।जीतो बैंगलुरु नार्थ के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा के अनुसार आयोजन में नवीन जेबीएन सदस्यों को प्रेरित करने जीतो बैंगलुरु नार्थ के उपाध्यक्ष प्रवीण शाह व राजेश मुथा, कोषाध्यक्ष विजय सिंघवी, जेबीएन सह संयोजक मदन मूणोत, सचिव सिद्धार्थ पटवा व देव सामर, सह कोषाध्यक्ष मिश्रीमल कटारिया, कार्यकारिणी सदस्य नितिन कटारिया, महेंद्र सोलंकी व सुनील सकलेचा, मनोज कोचर के साथ अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ धर्म यात्राएं नहीं कर्म यात्रा निकाल रहे हैं : गोविंद राजपूत

पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । मध्य प्रदेश सरकार में राजस्व एवं परिवहन मंत्री एवं जिले के प्रभारी गोविंद सिंह राजपूत ने मीडिया द्वारा पूछे गए सवाल पर कहा कि



कांग्रेसी नेता पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ धरम यात्राएं आयोजित करने का निर्णय लिया है यह है उनकी धर्म यात्रा नहीं यह कर्म यात्रा है क्योंकि 15 माह के कांग्रेस की सरकार में जिस प्रकार जनता को उत्पीड़न किया गया था और जब कांग्रेस की सत्ता चली गई तो उनके पास अब कोई नीति नहीं है धर्म यात्रा से जो राजनीतिक बोर्ड कब आने का संकेत रचाने का काम कर रहे हैं प्रदेश की जनता उनके पिछले कर्मों को लेकर समझ चुकी है कि उन्होंने प्रदेश के लिए क्या किया। उन्होंने कहा कि मिशन 2023 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गरीब कल्याण के लिए अनेकों योजनाओं को अंतः के माध्यम से उनके घर तक हितग्राहियों तक पहुंचाने का काम किया है जनता जल योजना का लाभ प्राप्त कर रही है कांग्रेश के पास अब कोई मुद्दा नहीं है कोई नीति नहीं है तो बैठे तो यही सही कि धर्म यात्रा निकाले और धर्म यात्रा नाटक नौटंकी उनकी चलने वाली नहीं है यह कांग्रेश पूर्ण रूप से हिंदू विरोधी है और चाहे वह दिग्विजय सिंह हो या कमलनाथ हमेशा राष्ट्र द्रोही और हिंदू विरोधी बयान देकर हाईलाइट होना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर गोविंद सिंह द्वारा जो मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उन पर दिवालियापन का जो आरोप लगाया है तो वह पहले अपने स्वयं को देखें फिर किसी पर दिवालिया होने का आरोप लगाएं प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जनता के सामने एक ईमानदार अच्छे मुख्यमंत्री के रूप में साबित हुई है। उन्होंने यह बात 15 अप्रैल को आयोजित होने वाले श्रीमंत ज्योतिराज सिंधिया केंद्रीय मंत्री के भव्य कार्यक्रम की तैयारी को लेकर आए भिंड शहर के संस्कृत गार्डन में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर वहां मीडिया से चर्चा कर रहे थे। जिले के प्रभारी मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया का एक विशाल कार्यक्रम इस भिंड की भूमि में हो रहा है और 70 करोड़ की लागत से विद्युत परियोजना का भूमि पूजन करेंगे।कार्यक्रम भव हो और इसके लिए मैं समस्त सर्व समाज की जनता से अपील करता हूं कि कार्यक्रम में पधार कर इस कार्यक्रम को प्रभावी बनाएं। भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ,विधायक संजीव सिंह कुशवाह, संजू पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह, शिवशंकर समाधिया पूर्व विधायक मुन्ना सिंह भदौरिया, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ रमेश दुबे,भाजयुमो के जिला अध्यक्ष विक्रांत सिंह कुशवाह,एडवोकेट, मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह गुर्जर, विधायक प्रतिनिधि विकास शर्मा, प्रमुख लोग शामिल थे।

# डेयरी संचालक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज

पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के निर्देश पर एवं अभिहित अधिकारी भिण्ड के निर्देशन में आज खाद्य सुरक्षा विभाग एवं थाना गोरमी के पुलिस बल द्वारा ग्राम अरेले का पुरा थाना गोरमी स्थित राजवीर सिंह की डेयरी पर कार्यवाही कर भारी मात्रा में घी जप्त किया गया और डेयरी के संचालक के विरूद्ध थाना गोरमी में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। खाद्य सुरक्षा प्रशासन एवं थाना गोरमी के पुलिस बल द्वारा अरेले का पुरा स्थित राजवीर सिंह नरवरिया की डेयरी पर संयुक्त कार्यवाही की गई। डेयरी पर मावा निर्माण किया जा रहा था। मौके पर राजवीर सिंह ने बताया कि उसके द्वारा गांव में ही स्थित भगवान सिंह नरवरिया के मकान में घी का संग्रहण किया गया है। मकान का निरीक्षण करने में पाया कि मकान के एक कमरे में 60 टीन घी मात्रा लगभग 900 किलो रखे पाये गये। डेयरी संचालक राजवीर सिंह से घी का संग्रहण भगवान सिंह के मकान में करने का कारण पूछे जाने पर कोई संतोषजनक जबाव नहीं दिया गया। प्रथम दृष्टि यह प्रतीत हुआ कि राजवीर सिंह दूध से घी निकालकर, घी के स्थान पर अन्य फेट मिलाकर मावा का निर्माण करता है। मावा का निर्माण अत्यंत अस्वच्छकर एवं अस्वास्थ्यकर दशाओं में किया जा रहा था।

**डेयरी से किया 900 किलो घी जप्त**



डेयरी संचालक से घी और मावा के नमूने जांच हेतु लिए गए और डेयरी में संग्रहित 15 किलो मावा एवं 900 किलो घी जप्त किया गया। जप्तशुदा माल की कीमत लगभग 4 लाख 53 हजार 750 रूपये है। डेयरी में डेयरी संचालक के विरूद्ध थाना गोरमी में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। कार्यवाही दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अवनीश गुप्ता,कु. रेखा सोनी एवं थाना प्रभारी गोरमी ब्रजेन्द्र सिंह सेंगर अपने दल के साथ उपस्थित रहे।

# पुलिस द्वारा नाईट कॉम्बिंग गश्त में अपराधियों एवं गुण्डों बदमाशों के विरूद्ध की गई ताबड़तोड़ कार्यवाही

पंकज त्रिपाठी, पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक भिण्ड शैलेन्द्र सिंह चौहान के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के नेतृत्व में भिण्ड



जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) एवं थाना प्रभारियों द्वारा थाने के बल के साथ दिनांक 12 - 13 अप्रैल की दरम्यानी रात कॉम्बिंग गश्त का अभियान चलाया गया, जिसमें रात्रि के समय होने वाले अपराधों की रोकथाम, फरार आरोपियों को पकड़ने अपराधियों में भय पैदा करनें रात्रि के समय वाहनों द्वारा अवैध शराब, अवैध हथियार परिवहन अन्य अवैधानिक गतिविधियों की रोकथाम एवं जनसामान्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु 215 अधिकारी/कर्मचारियों की कुल 32 टीमें बनाकर ताबडतोड कार्यवाही की गई।

**उक्त गश्त के दौरान निम्नानुसार कार्यवाही की गई –** स्थाई वारंट तामील- 27 , गिरफ्तारी वारंट तामील- 75 , फरार गिरफ्तार आरोपियों ( 299 जा0 फौ0) की संख्या - 01 , अन्य अपराधों में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या - 05 , हिस्ट्रीशीटर चेक किए गए - 81 , पूर्व जिला बदर चैक - 30 , गुंडा चैक- 93,एटीएम चैक - 61, वाहन चैकिंग- 200, अवैध रेत उत्खन्न एवं परिवहन - 01 ( एक ट्रेक्टर व ट्रॉली ) जप्त की गई। उक्त कार्यवाही में समस्त अनुविभागीय अधिकारी ( पुलिस ) एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने बल के साथ उपस्थित होकर सराहनीय कार्यवाही की गयी।

# ज्ञान का सम्बर्धन करती है मथुरा लीला

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

लहार। नगर के उपाध्याय गार्डन में प्रदेश कार्य समिति सदस्य अम्बरीष शर्मा गुड्डू भैया द्वारा आयोजित भागवत ज्ञान यज्ञ में आज भारतीय जनता पार्टी के राष्टीय महासचिब कैलाश विजयवर्गीय जी पहुँचे जिनका युवा नेता नेता ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ भव्य स्वागत किया एवम नगर के लोगों ने पुष्प वर्षा कर कैलाश विजयवर्गीय जी का अभूतपूर्व स्वागत किया इस मौके पर कथा स्थल पर राष्टीय महासचिब कैलाश विजयवर्गीय ने गाया भजन मीठे रस से भरो री राधा रानी लागे मोह मीठो मीठो सरयू जी का पानी लागे इसके बाद जब बो गए तो पत्रकारों के सबाल पर बोले कि में अपने छोटे भाई गुड्डू की भागवत में शामिल होने आया हूँ इसलिए आज सिर्फ धार्मिक बात ही करूंगा।इसके बाद बो पुनः ग्वालियर रबाना हो गए।इसके बाद भागवत सप्ताह कथा ज्ञान यज्ञ के छठवें दिवस की कथा का विस्तार से विवेचन करते हुए परम श्रद्धेय पूज्य चिन्मयानंद बापू ने कहा कि प्रभु श्री कृष्ण की मथुरा लीला जीव के हृदयान्धकार को नष्ट कर ज्ञान का विकास करती है। जिस ज्ञान के माध्यम से जीव पूर्ण ब्रम्हा श्रीकृष्ण से साक्षात्कार करता है मथुरा लीला प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि परमात्मा श्रीकृष्ण ने अपनी मथुरा लीला ने में अज्ञान रूपी कंस का उद्धार कर ज्ञान का सम्बर्धन किया। यहाँ तक कि साक्षात् बृहस्पति के शिष्य उद्धव जी के ज्ञान को प्रभु ने गोपियों के द्वारा भक्ति्त का चादर उड़ाकर परिपूर्ण किया। स्वयं परमात्मा श्रीकृष्ण ने अपनी मथुरा लीला में ही गुरू सान्दीपनि के सान्निध्य में चौसठ दिनों तक रहकर ज्ञान प्राप्त किया अतः प्रभु की मथुरा लीला श्रवण करने मात्र से भक्त्त के हृदय में ज्ञान का उदय होता है। उन्होंने बताया कि यदि बिद्यार्थी अपने अध्ययन काल में यदि प्रभु की मथुरा लीला को श्रवण करता है तो निश्चित रूप से विद्या के क्षेत्र में उसे अभूतपूर्व सफलता प्राप्त होती है विशेष महोत्सव के रूप में श्री रूक्मिणी विवाह महोत्सव बहुत ही



धूम-धाम से मनाया गया इस प्रसंग पर विस्तार से व्याख्यान देते हुए आचार्य श्री ने कहा कि श्री रूक्मिणी जी ने अपने जीवन में किये हुए सत्कार का फल केवल प्रभु को ही माँगा।जिसको कि प्रभु श्री द्वारिकाधीश ने स्वयं रूक्मिणी के कुणिनपुर जाकर रूक्मिणी को प्रधान पटरानी बनाकर पूर्ण किया यह पवित्र प्रसंग हम सबको शिक्षा प्रदान करता है हमें जीवन में किये हुए सत्कार के फल के रूप में प्रभु की ही आचना करनी चाहिए इस मौके पर कथा पारीक्षत श्रीमति अरुणा नरेश चन्द्र शर्मा जी द्वारा सभी भक्तों से अपील की गई कि कथा अमृतपान कर अपने जीवन को सफल बनायें।

**ये रहे मौजूद**–गुरुवार की कथा में महामंडलेश्वर स्वामी बालिकानंद जी महाराज, पूर्व सांसद रामलखन सिंह, पूर्व सांसद भागीरथ प्रसाद, लश्करी महंत जिला पंचायत उपाध्यक्ष दतिया, पूर्व विधायक अटेर हेमंत कटारे, श्रीमति प्रतिभा अनूप शर्मा, राजेश शुक्ला महाधिवक्ता ग्वालियर, डॉ विजय शर्मा, डॉ दिलीप भदौरिया, सुरेंद्र पाल, जितेंद्र जी गुर्जर संगठन मंत्री भोपाल, शैलेन्द्र जी बरुआ, सीताराम शर्मा, जगदम्बा प्रसाद शर्मा, मनोज जी शर्मा, प्रकाश नारायण शर्मा, राकेश शर्मा, ऊषा कमलेश दीक्षित, स्वतंत्र समाधिया, नीतेश भारद्वाज पप्पू,कमलेश कुशवाह, राजेन्द्र कौरव, सत्येंद्र बैद उरई, सन्तोष नगायच, हरविलास शर्मा, आशुतोष शर्मा, अयोध्या प्रसाद शर्मा, प्रकाशनारायण उरई, दिनेश शुक्ला जी, रामेश्वर दयाल उपाध्याय, अनूप पाठक, अंजनी कुरचानिया, प्रकाश उपाध्याय बरहा, रमेश उपाध्याय बरहा, पूनम विवेक पाराशर, माधो शर्मा, विजय शर्मा, पूजा बिहारी चौधरी, सालिगराम त्रिपाठी, कृपाल बघेल, मुनेश बघेल, जितेंद्र बौहरे, केश शर्मा, कप्तान सिंह राठौर, सुमित पांडेय, अशोक शिवहरे ठेकेदार, अजयपाल सिंह, कंछेदी लाल बघेल, गोपाल कुशवाह, बिनय शर्मा, अशोक शर्मा, सुमित पाण्डेय, श्यामू थापक, दीपक चौधरी, सन्तोष सरपंच छिदी, बिकास बिरथरे, अमित गुप्ता ग्वालियर, पिक्कू उपाध्याय, टोनी श्रीवास्तव आदि सैकड़ा भक्तजन मौजूद रहे ।



# श्रद्धालुओं को छाछ व पेनका का किया वितरण

पुष्पाजंली टुडे

बेंगलुरू। गोविंद राज नगर क्षेत्र में रामनवमी पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की पूजा अर्चना कर पानका छाछ कोसांबरी वितरण का शुभारंभ किया आयोजकों ने मुणोत को सम्मानित किया श्रद्धालुओं ने जय श्री राम के जयकारे लगाए जिससे माहौल राम मय हो गया ।

# राष्ट्रीय पार्टी बनने की खुशी में आम आदमी पार्टी खरगोन के कार्यकर्ताओं ने की आतिशबाजी एवं बाटी मिठाई

खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे



खरगोन। आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिलने पर खरगोन इकाई द्वारा स्थानीय श्री कृष्णा टॉकीज चौराहा खरगोन पर आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया गया । इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी एवं पूर्व संगठन मंत्री राज कुमार दुबे एवं जिला अध्यक्ष जयंत गुप्ता द्वारा बताया गया कि आज 10 वर्षों में आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल किया साथ ही यह देश की एक ऐसी पार्टी है जिसने अल्प समय में दिल्ली और पंजाब में शिक्षा ,स्वास्थ्य, बेरोजगार एवं भ्रष्टाचार जैसे कार्यो पर जोर देकर ग्रामीण जनता में अपनी अलग पहचान बनाई है , विगत 70 वर्षो से देश की दो पार्टियां जनता को उनके मौलिक अधिकार नहीं दे पाई वह हमने मात्र 10 वर्षो में कर दिखाया ,आने वाले विधानसभा में मध्यप्रदेश में आम आदमी पार्टी 230 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी जिसके लिए पार्टी के लोकसभा सांसद एवं संगठन महासचिव संदीप पाठक सर द्वारा ब्लॉक इंचार्ज एवं बूथ स्तर पर संगठन बनाया जा रहा है जिससे हर बूथ पर आम आदमी पार्टी का सक्रिय कार्यकर्ता पार्टी का प्रचार प्रसार कर पार्टी उम्मीदवार को जिताने में सहायक भूमिका का निर्वहन करेगा । इस अवसर पर जिला सचिव सुरेश माहीले, यूथ अध्यक्ष दीपक चौहान गीता दवाने, बलिराम सिसोदिया ,कैलाश रोकड़े ,प्रदीप गागले, गोपाल ठाकुर, शोभाराम डावर, फूलचंद दादा, सुनील मुजाल्दे एवं सुनील मोरे आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

आई पी एल में आज सीएसके बनाम आरआर

# चेपॉक में चेन्नई का रिकॉर्ड शानदार, बैटिंग पिच पर राजस्थान खतरनाक

**चेन्नई।** इंडियन प्रीमियर लीग (ढ्ढक्क) में आज चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच लीग स्टेज का मुकाबला खेला जाएगा। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में शाम 7¬30 बजे से मैच खेला जाएगा। दोनों ही टीमों ने टूर्नामेंट में अब तक 3 मैच खेले, 2 में जीत और एक में हार मिली। चेन्नई सुपर किंग्स ने ढ्ढक्क के ओपनिंग मुकाबले में गुजरात टाइटंस के खिलाफ हार झेली। इसके बाद टीम ने अपने घर में लखनऊ और मुंबई को मुंबई में हराया। अजिंक्य रहाणे, मोईन अली, ऋतुराज गायकवाड और महेंद्र सिंह धोनी टीम के टॉप प्लेयर्स हैं। रॉयल्स के खिलाफ टीम के 4 विदेशी मोईन अली, मिचेल सैंटनर, ड्वेन प्रीटोरियस और डेवोन कॉन्वे हो सकते हैं। इनके अलावा दीपक चाहर और बेन स्टोक्स कुछ मैचों के लिए टीम का हिस्सा नहीं होंगे। राजस्थान ने अपने पहले मैच में हैदराबाद को हराने के बाद पंजाब से 5 रन की हार झेली। टीम ने फिर वापसी की और दिल्ली को 57 रन से हराया। टीम के टॉप ऑर्डर में जोस बटलर, यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन और शिमरोन हेटमायर शानदार परफॉर्म कर रहे हैं। वहीं बॉलिंग में युजवेंद्र चहल और ट्रेंट बोल्ट लगातार




विकेट ले रहे हैं। चेन्नई के खिलाफ टीम के 4 विदेशी बटलर, हेटमायर, बोल्ट और जेसन होल्डर हो सकते हैं। इनके अलावा सैमसन, जायसवाल और रविचंद्रन अश्विन भी टीम को मजबूती दे रहे हैं। चेन्नई सुपर किंग्स का अपने होम ग्राउंड चेपॉक में रिकॉर्ड बेहद शानदार है। टीम ने यहां पिछले 20 में से 17 मुकाबले जीते हैं। 3 मुकाबले मुंबई इंडियंस ही हरा सकी है। ऐसे में राजस्थान के लिए यहां जीत दर्ज करना चुनौती होगी। दोनों टीमें 2008 के ढ्ढक्क फाइनल में आमने-सामने हुई थीं। तब राजस्थान को जीत मिली थी, लेकिन ओवरऑल हेड टु हेड रिकॉर्ड में चेन्नई आगे है। दोनों के बीच अब तक 26 मुकाबले खेले गए। 15 में ष्टस्य और 11 में क्रक्र को जीत मिली। चेपॉक स्टेडियम की पिच स्पिनर्स के लिए मददगार मानी जाती है। लेकिन पिछले मैच में यहां ष्टस्य ने 217 रन बनाकर 12 रन से मैच जीता था। ऐसे में राजस्थान के खिलाफ भी हाई स्कोरिंग पिच देखने को मिल सकती है। बारिश नहीं होगी। चेन्नई में बुधवार शाम का टेम्परेचर 29 से 30 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। चेन्नई सुपर किंग्स¬ महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान और विकेटकीपर), डेवोन कॉन्वे, ऋतुराज गायकवाड, अजिंक्य रहाणे, मोईन अली, अंबाती रायुडु, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, ड्वेन प्रीटोरियस, मिचेल सैंटनर और तुषार देशपांडे। राजस्थान रॉयल्स¬ संजू सैमसन (कप्तान और विकेटकीपर), जोस बटलर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, शिमरोन हेटमायर, रविचंद्रन अश्विन, जेसन होल्डर, युजवेंद्र चहल, केएम आसिफ और ट्रेंट बोल्ट। इम्पैक्ट प्लेयर¬ देवदत्त पड्डीकल, कुलदीप सेन, केसी करियप्पा, नवदीप सेनी और संदीप शर्मा।

रिंकू सिंह ने यश दयाल को किया मैसेज

# कहा-क्रिकेट में ऐसा होता रहता है, तुमने पिछले साल वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया था

कोलकाता नाइट राइडर्स (द्मद्मक्र) के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने बताया कि उन्होंने गुजरात जायंट्स (त्रञ्ज) के खिलाफ के मैच के बाद गेंदबाज यश दयाल को मैसेज करके उनका हौसला बढ़ाया। यश दयाल वही गेंदबाज हैं, जिनके ओवर की आखिरी 5 गेंदों पर रिंकू ने 5 छक्के जड़कर कोलकाता को 3 विकेट से जीत दिलाई थी। रिंकू ने इंडिया टुडे को दिए इंटरव्यू में कहा, %मैच के बाद मैंने यश को मैसेज किया और कहा कि क्रिकेट में ऐसा होता रहता है। तुम इस सबको भूल जाओ और अपनी गेंदबाजी पर फोकस करो।तुमने पिछले साल वास्तव में



अच्छा प्रदर्शन किया था। दरअसल इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात ने 4 विकेट के नुकसान पर 204 रन बनाए थे। इस मैच में एक समय कोलकाता ने मैच में पकड़ बना ली थी, लेकिन गुजरात की कप्तानी कर रहे राशिद खान ने 17वें ओवर की शुरुआती 3 गेंदों पर हैट्रिक ले ली। उन्होंने ओवर की पहली गेंद पर रसेल को आउट किया। फिर दूसरे गेंद पर सुनील नरेन और तीसरी गेंद पर शार्दूल को स्रद्ब कर अपनी हैट्रिक पूरी कर ली। वहीं इस ओवर के बाद कोलकाता का स्कोर 157/7 पर हो गया। कोलकाता को 18 बॉल में 48 रन की जरूरत थी। आखिरी ओवर में कोलकाता को जीत के लिए 29 रन की जरूरत थी। गुजरात की ओर से गेंदबाजी यश दयाल कर रहे थे। पहली बॉल पर उमेश यादव ने सिंगल लिया। उसके बाद आखिरी 5 बॉल पर 28 रन की जरूरत थी। रिंकू 16 बॉल में 18 रन के स्कोर पर खेल रहे थे। उन्होंने ओवर की बाकी 5 गेंदों पर लॉन्ग ऑफ, स्क्वेयर लेग और लॉन्ग ऑन की ओर 5 छक्के लगाए और अपनी टीम को 3 विकेट से मैच में जीत दिला दी। इससे पहले द्मद्मक्र ने भी मैच के बाद यश को मोटिवेट करने के लिए ट्वीट किया था। द्मद्मक्र ने लिखा था, %कोई बात नहीं लड़के। आज काम पर बस एक मुश्किल दिन था। क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ भी यह होता है।

यश दयाल आप एक चैंपियन हैं,

# दिल्ली दूरस्त : कैपिटल्स को पहली जीत की तलाश

**नयी दिल्ली।** डेविड वॉर्नर की दिल्ली कैपिटल्स अरुण जेटली स्टेडियम पर मुंबई इंडियन्स के खिलाफ उतरते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2023 सीजन में अपनी पहली जीत की तलाश करेगी। मुंबई को भी उसके शुरुआती दो मुकाबलों में हार मिली है, लेकिन उसके कुछेक खिलाड़ी अलग-अलग समय पर अच्छा प्रदर्शन करते नजर आये हैं। दूसरी ओर, दिल्ली हार की हैट्रिक लगा चुकी है और उसके सामने खराब फॉर्म और चोट से जुड़ी चिंताओं का अंबार लगा हुआ है। सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉं अब तक के तीन मैचों में तेज गेंदबाजों को पढने में असफल रहे हैं। उनके जोड़ीदार डेविड वॉर्नर ने तीनों मैचों में अर्द्धशतक जमाये हैं, लेकिन उनका खराब स्ट्राइक रेट दिल्ली की हार का एक कारण ही बन सका है। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले मिचेल मार्श निजी कारणों से कुछ समय के लिये ऑस्ट्रेलिया लौट गये हैं। दिल्ली ने पिछले मैच में उनके स्थान पर मनीष पांडे को बल्लेबाजी के लिये उतारा लेकिन वह भी कुल शून्य रन का योगदान ही दे सके। मध्य ओवरों में रन गति बढ़ाना दिल्ली की सबसे बड़ी चिंता रही है। फ्रेंचाइजी से इसी सीजन जुड़े राइली रूसो अब तक कोई महत्वपूर्ण योगदान नहीं दे सके हैं। युवा विकेटकीपर बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने गुजरात टाइटन्स के विरुद्ध पदार्पण करते हुए आक्रामकता दिखाई थी, हालांकि उन्हें विकेट पर थोड़ा और समय बिताना होगा। दिल्ली के बल्लेबाज जहां बड़ा स्कोर बनाने में असफल रहे हैं, वहीं गेंदबाज भी विपक्षी टीम पर दबाव नहीं बना सके हैं। दिल्ली भले ही मध्य ओवरों में रनगति पर किसी तरह लगाम लगा भी ले, अंतिम ओवरों में उसकी गेंदबाज़ी की कमज़ोरियां ज़ाहिर हो ही जाती हैं। तेज गेंदबाज खलील अहमद मांसपेशी की चोट के कारण मुंबई के खिलाफ मुकाबले से बाहर रह सकते हैं। अगर खलील मैच से पहले पूरी तरह फिट नहीं होते, तो दिल्ली उनके स्थान पर चेतन सकारिया को एकादश में शामिल कर सकती है।

धोनी ने हंगरगेकर की नो-बॉल का उड़ाया मजाक

# चेन्नई सुपर किंग्स के इवेंट में कहा- कोई इस बारें में बात नहीं करेगा

चेन्नई सुपर किंग्स (ष्टस्य) के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, टीम के युवा गेंदबाज राजवर्धन हंगरगेकर और गेंदबाजी कोच ड्वेन ब्रावो हाल ही में फेंचाइजी के एक इवेंट में शामिल हुए। ष्टस्य के इस इवेंट के दौरान एमएस धोनी ने तेज गेंदबाज राजवर्धन हंगरगेकर की नो-बॉल का मजाक उड़ाया। धोनी के कॉमेंट पर पूरा ऑडिटोरियम अपनी हंसी नहीं रोक पाया। खुद हंगरगेकर भी मुस्कुराते हुए दिखे। इवेंट की शुरुआत से ही धोनी युवा हंगरगेकर की टांग खींचना शुरू कर दिए थे। धोनी ने कार्यक्रम के दौरान कहा, राज को सबसे ज्यादा टाइम लगा तैयार होने में। फिर धोनी ने राजवर्धन से पूछा- क्या यह तुम्हारा पहला इवेंट है? इस पर हंगरगेकर



मुस्कुराते हुए हां में सिर हिलाते हुए जवाब देते हैं। इसके बाद हंगरगेकर ने माइक लिया और कहा, सभी को गुड इविंग। यहां आकर बहुत खुशी हुई। जैसा माही भैया ने कहा कि जितना ज्यादा हम इस इवेंट को एन्जॉय कर सकते हैं, उतना कोशिश करेंगे और बाकी देखते हैं। इस पर धोनी ने दाएं हाथ के गेंदबाज हंगरगेकर को बीच में टोकते हुए कहा कि बेसिकली बोल रहा है कि कोई भी इसकी नो-बॉल

## रहाणे के तूफानी अर्द्धशतक से चेन्नई की जीत

**मुंबई।** चेन्नई सुपरकिंग्स ने रवींद्र जडेजा (20/3) की बेजोड़ गेंदबाजी और अजिंक्या रहाणे (61) के तूफानी अर्द्धशतक की बदौलत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियन्स को सात विकेट से मात दी। मुंबई ने घरेलू मैदान वानखेड़े स्टेडियम पर सीजन् का पहला मैच खेलते हुए 20 ओवर में 157 रन बनाये। चेन्नई ने यह लक्ष्य आसानी के साथ 18.1 ओवर में ही हासिल कर लिया। मुंबई के लिये निराशाजनक रहे मैच में ईशान किशन ने सर्वाधिक 32 रन बनाये, जबकि टिम डेविड ने 31 रन का योगदान दिया। इन दोनों के अलावा मुंबई का कोई बल्लेबाज महत्वपूर्ण योगदान नहीं दे सका और मेजबान टीम चेन्नई की फिरकी के आगे ढेर हो गयी। चेन्नई के लिये पदार्पण कर रहे रहाणे ने मात्र 27 गेंद पर सात चौके और तीन छक्के लगाकर 61 रन बनाये।

रोहित शर्मा ने लिया तिलक वर्मा का इंटरव्यू:

# तिलक ने कहा- बचपन से सपना था कि आपके साथ बैटिंग करूं

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस को ढ्ढक्क के 16वें सीजन में दो हार के बाद मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले गए मैच में पहली जीत मिली। मुंबई ने दिल्ली को घरेलू मैदान पर 6 विकेट से हराया। इस मैच में मुंबई के कप्तान रोहित शर्मा ने ढ्ढक्क में 808 दिन बाद फिफ्टी लगाई। रोहित ने 45 गेंदों पर 65 रन की पारी खेली। मैच के बाद कप्तान रोहित ने तिलक वर्मा का इंटरव्यू लिया। इंटरव्यू की शुरुआत रोहित ने यह सवाल करके की, %पहला मैच जीतने के बाद कैसा महसूस हो रहा है। युवा बल्लेबाज ने जवाब में कहा, शानदार, यह शानदार एहसास है भईया, मैं काफी



समय से आपके साथ बैटिंग करने का इंतजार कर रहा था। मैं लास्ट ईयर से आपके साथ बैटिंग करने का इंतजार कर रहा था। मैं सोचता था कि कब आपके साथ बैटिंग करने का मौका आएगा। इस बार मौका मिल गया। इसके अलावा तिलक ने कहा कि, आपके साथ बैटिंग करने में मजा आता है। बचपन से मेरा सपना था। मैच के बाद रोहित ने पत्नी रितिका सजदेह से वीडियो कॉल पर बातचीत की। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में सुना जा सकता है कि रितिका कह रही है कि हाथ में ट्रॉफी देखकर मजा रहा है। इस पर रोहित ने कहा कि क्या बैटिंग देखकर मजा नहीं आया। वहीं रितिका ने मुंबई की पहली जीत पर भी रोहित को बधाई दी। रोहित ने 45 गेंदों पर 65 रन की पारी खेली। रोहित ढ्ढक्क में 25 पारियों के बाद अर्धशतक जमाने में सफल हुए। उन्होंने ढ्ढक्क में आखिरी अर्धशतक 2 साल पहले यानी 23 अप्रैल 2021 को पंजाब किंग्स के खिलाफ लगाया था।

# प्रीतम सिवाच अकादमी ने जीती अंडर-21 महिला हॉकी लीग

**लखनऊ।** प्रीतम सिवाच स्पोर्ट्स फाउंडेशन हॉकी टीम ने खेलो इंडिया अंडर-21 महिला लीग के फाइनल में एचएआर हॉकी अकादमी को 2-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। पद्म श्री मोहम्मद शाहीद हॉकी स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में तन्नु ने पहले क्वार्टर में एक फील्ड गोल के माध्यम से प्रीतम सिवाच



का खाता खोला, जबकि साक्षी राणा ने तीसरे क्वार्टर में पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। साक्षी कुल आठ गोल करके टूर्नामेंट की शीर्ष स्कोरर भी बनी रहीं। इस बीच, स्पोर्ट्स हॉस्टल ओडिशा ने पहले दिन कांस्य पदक मैच में साई बाल टीम को 3-1 से हराया। कुलदीप सिवाच द्वारा प्रशिक्षित टीम को चैंपियन बनने पर पांच लाख रुपये के इनाम से नवाज़ा गया, जबकि उपविजेता को तीन लाख रुपये दिये गये।

# एशियाई चैंपियनशिप में निशा ने जीता रजत, प्रिया को कांस्य

**अस्ताना।** भारतीय पहलवान निशा दहिया ने एशियाई चैंपियनशिप के फाइनल में जापान की आमी इशी से हारने के बाद रजत पदक से संतोष किया। विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता इशी ने 68 किग्रा वर्ग के फाइनल में भारतीय पहलवान को चित्त करके 10-0 से मात दी। इससे पूर्व, निशा ने चीन की फेंग



झोऊ के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्वर्ण पदक मुकाबले में जगह बनायी थी। एशियाई चैंपियनशिप में पदार्पण कर रहीं निशा सेमीफाइनल में एक समय पर 3-6 से पिछड़ी हुई थीं, लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए फेंग को 7-6 से हराया। इससे पूर्व उन्होंने क्वार्टरफाइनल में मंगोलिया की डेलगर्मा एंखसाईखान को मात दी थी। इसी बीच, निशा की हमवतन प्रिया (76 किग्रा) ने कांस्य पदक मुकाबले में जापान की मिजुकी नागाशीमा को 2-1 से हराया। नीलम ने भी 50 किग्रा के कांस्य पदक मुकाबले में जगह बनायी थी, लेकिन उन्हें जापान की रेमिना योशीमोतो के हाथों 8-0 की हार का सामना करना पड़ा।

डेविड की डाइव से जीता एम आई

# सूर्या की आंख बाल-बाल बची, वॉर्नर का दाएं हाथ वाला शॉट; 808 दिन बाद रोहित की फिफ्टी


**दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (ढ्ढक्क) के रोमांचक मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 6 विकेट से हरा दिया। जेसन बेहरनडॉर्फ, तिलक वर्मा और रोहित शर्मा मुंबई के हीरो रहे। वहीं दिल्ली से अक्षर पटेल ने 22 बॉल में फिफ्टी लगाई। मैच में लेफ्ट हैंड से बैटिंग करने वाले डेविड वॉर्नर ने राइटी बन कर बैटिंग की। दिल्ली ने 10 ही बॉल में 5 विकेट गंवा दिए। कैच लेने की कोशिश में सूर्यकुमार की आंख पर बॉल लगी और टिम डेविड ने आखिरी बॉल पर डाइव लगाकर मुंबई को मैच जिता दिया। 8वें ओवर की तीसरी बॉल ऋतिक शौकीन ने नो-बॉल फेंकी। अगली बॉल शौकीन ने शॉर्ट पिच फेंकी, लेफ्ट हैंड से बैटिंग करने वाले डेविड वॉर्नर ने बैकफुट पर राइट हैंड से शॉट खेला। बॉल सामने की ओर हवा में खड़ी हो गई। इस गेंद पर एक ही रन आया। वॉर्नर अंत में 47 गेंद पर 51 रन बनाकर आउट हुए। पहली पारी में 17वें ओवर की चौथी बॉल जेसन बेहरनडॉर्फ ने शॉर्ट बॉल फेंकी। अक्षर पटेल ने लॉन्ग ऑन की ओर बड़ा शॉट खेला, बॉल सूर्यकुमार यादव की तरफ गई। सूर्या ने कैच लेने की कोशिश की, लेकिन बॉल उनके हाथ से निकलकर आंख पर लग गई। बैटर को इस गेंद पर 6 रन मिले। पहली पारी के 19वें ओवर



में दिल्ली कैपिटल्स ने अपने 4 विकेट गंवा दिए। जेसन बेहरनडॉर्फ ने 3 विकेट निकाले, वहीं एक बैटर रन आउट हुआ। पहली और तीसरी बॉल पर बेहरनडॉर्फ ने अक्षर पटेल और डेविड वॉर्नर को आउट किया। चौथी बॉल पर कुलदीप यादव रन आउट हो गए, फिर आखिरी बॉल पर अभिषेक पोरेल भी कैच आउट हो गए। 18 ओवर खत्म होने के बाद दिल्ली का स्कोर 165/5 था, लेकिन 19 ओवर खत्म होने के बाद टीम का स्कोर 166/9 हो गया। आखिरी ओवर खत्म होने से पहले टीम 172 के स्कोर पर ऑलआउट भी हो गई। 20वें ओवर की चौथी बॉल पर राइली मेरिडिथ ने एनरिक नॉर्त्या को बोल्ड कर दिया। इस तरह दिल्ली ने 10 बॉल पर 7 रन बनाने में 5 विकेट गंवा दिए। मुंबई के कप्तान रोहित शर्मा ने ढ्ढक्क में 808 दिन बाद फिफ्टी लगाई। उन्होंने आखिरी बार 23 अप्रैल 2021 को पंजाब किंग्स के खिलाफ 52 गेंदों में 63 रन की पारी खेली। उस पारी के बाद रोहित ने 24 पारियां खेलीं, लेकिन एक में भी 50 से ज्यादा का स्कोर नहीं बना सके। रोहित 65 रन बनाकर आउट हुए। मुंबई इंडियंस के स्टार बैटर सूर्यकुमार यादव लगातार तीसरे मैच में फ्लॉप रहे। वह पहली ही गेंद पर खाता खोले बगैर कैच आउट हो गए। सूर्या ढ्ढक्क के इस सीजन के 3 मैचों में 15 रन ही बना सके हैं। सूर्या से पहले 16वें ओवर की पांचवीं बॉल पर मुकेश कुमार ने तिलक वर्मा को भी कैच आउट कराया था। इस तरह मुकेश ने 2 लगातार गेंदों पर विकेट लिए। दूसरी पारी के 17वें ओवर में दिल्ली के अभिषेक पोरेल ने कैच ऑफ द मैच लिया। मुस्ताफिजुर रहमान ने ओवर की पांचवीं बॉल ऑफ साइड पर यॉर्कर फेंकी। बॉल रोहित शर्मा के बैट से लगकर थर्ड मैन की ओर जा रही थी। तभी दिल्ली के विकेटकीपर अभिषेक पोरेल ने अपने दाएं तरफ डाइव मारकर मारकर बेहतरीन कैच कर लिया। रोहित ने 45 बॉल पर 65 रन बनाए।

# वॉर 2 के लिए आदित्य चोपड़ा की पहली पसंद हैं जूनियर एनटीआर!

## फिल्म में नहीं होगी किसी दूसरे एक्टर की एंट्री



यशराज फिल्म्स इन दिनों अपने स्पाई यूनिवर्स को लेकर काफी चर्चा में है। पठान के बाद अब प्रोडक्शन हाउस ने वॉर 2 की भी अनाउंसमेंट कर दी है, जिसको लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं। अब इसी बीच वॉर 2 को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। ऋतिक रोशन स्टारर इस फिल्म को लेकर हाल ही में रिपोर्ट्स सामने आई थी कि वॉर 2 में एक्टर जूनियर एनटीआर ऋतिक रोशन के साथ भिड़ते नजर आएंगे। लेकिन बाद में रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि जूनियर एनटीआर ने आदित्य चोपड़ा द्वारा प्रोड्यूस की जा रही इस फिल्म को करने से साफ मना कर दिया है और अब मेकर्स फिल्म में जूनियर एनटीआर की जगह प्रभास और विजय देवरकोंडा को अप्रोच कर सकते हैं। लेकिन नई रिपोर्ट्स के मुताबिक वॉर 2 के लिए मेकर्स की पहली पसंद केवल जूनियर एनटीआर ही हैं।रिपोर्ट के अनुसार सूत्रों ने बताया, एनटीआर जूनियर वॉर 2 के लिए आदित्य चोपड़ा की पहली और एकमात्र पसंद हैं। वास्तव में यह किरदार जूनियर एनटीआर को ध्यान में रखकर लिखा गया है। वॉर 2 को दो सुपरस्टार्स - ऋतिक रोशन और एनटीआर जूनियर - के बीच की लड़ाई के रूप में डिजाइन किया गया है और यह विचार उन दोनों के व्यक्तित्व का जश्न मनाने के लिए है। जूनियर एनटीआर के साथ पिछले चार महीने से बातचीत चल रही है और यह चीजें मार्च तक पेपर पर उतर जाएंगी।केवल इतना ही नहीं सूत्र ने यह भी बताया कि अगर जूनियर एनटीआर ने वॉर 2 को रिजेक्ट कर दिया होता तो टीम फिर से उस कैरेक्टर पर काम करती और किसी दूसरी एक्टर के लिए वह किरदार लिखती। लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। वॉर 2 में एक-दूसरे से फैस ऑफ करने के लिए ऋतिक और जूनियर एनटीआर काफी एक्साइटेड हैं। बता दें कि साल 2019 में ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म वॉर बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई थी। यह फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। अब इस फिल्म का सीक्वल वॉर 2 इसी साल नवंबर में बड़े पर्दे पर रिलीज होगा। बता दें कि सलमान खान की एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है, 2019 में रिलीज हुई ऋतिक रोशन की वॉर, 2022 में रिलीज हुई शाहरुख खान की पठान और जल्द ही रिलीज होने वाली सलमान खान की टाइगर 3 के बाद ऋतिक रोशन की वॉर 2 इस स्पाई यूनिवर्स की छठी फिल्म है।



# टाइगर वर्सेज पठान बॉलीवुड की सबसे महंगी फिल्मों में से एक होगी

पठान बन बॉक्स ऑफिस पर हुई शाहरुख खान की वापसी ने धमाल मचा दिया और फिल्म ने कमाई के मामले में कई रिकॉर्ड तोड़े। अब इस फिल्म की सफलता को देखते हुए यशराज फिल्म्स ने अपनी अगली स्पाई फिल्म टाइगर वर्सेज पठान का ऐलान कर दिया है, जिसमें सलमान खान और शाहरुख आमने-सामने नजर आएंगे। इस फिल्म को करोड़ों के बजट के साथ बड़े पैमाने पर बनाया जाएगा। आइए इस फिल्म से जुड़ी जरूरी बातों के बारे में जानते हैं। पठान में सलमान के कैमियो को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। ऐसे में जब दोनों साथ में एक पूरी फिल्म में नजर आएंगे तो यह उनके लिए किसी जश्न से कम नहीं होगा। पठान का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया था और टाइगर वर्सेज पठान की कमान भी उन्हें ही सौंपी गई है। ऐसे में अब आनंद फिल्म के एक्शन और वीएफएक्स को और भी बेहतर करने पर जोर देंगे ताकि यह दर्शकों की उम्मीदों पर खरा उतर सकें। रिपोर्ट के अनुसार, यह फिल्म अनुमानित 300 करोड़ रुपये के बजट में बनने वाली बॉलीवुड की सबसे महंगी फिल्मों में से एक होने वाली है। हालांकि, इस आंकड़े में अभिनेताओं की फीस शामिल नहीं है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सलमान और शाहरुख कथित तौर पर फीस न लेकर फिल्म के प्रॉफिट शेयर से हिस्सा लेने वाले हैं। अगर इन बातों में सच्चाई है तो फिल्म की लागत पठान और टाइगर 3 दोनों को पार कर जाएगी। खबरों के मुताबिक, फिल्म में कैटरीना कैफ और दीपिका पादुकोण भी नजर आ सकती हैं। दोनों ही फिल्म में पाकिस्तानी एजेंट का किरदार निभाएंगे, जैसा कि उन्होंने टाइगर जिंदा है और पठान में निभाया है। इसके अलावा यह भी कहा जा रहा है कि हॉलीवुड अभिनेता जेसन मामोआ फिल्म में विलेन की भूमिका में नजर आ सकते हैं। हालांकि, सलमान और शाहरुख के अलावा किसी भी सितारे के फिल्म का हिस्से होने की पुष्टि नहीं हुई है। टाइगर वर्सेज पठान की खबरें सामने आने के बाद से ही प्रशंसक फिल्म को लेकर काफी उत्सुक हैं। निर्देशक आनंद ऋतिक रोशन के साथ फाइटर लेकर आ रहे हैं और ऐसे में टाइगर वर्सेज पठान पर काम बाद में शुरू होगा और यह 2025 में रिलीज हो सकती है। इससे पहले शाहरुख और सलमान टाइगर 3 में एक साथ नजर आने वाले हैं, जो 10 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स को बनाने की योजना आदित्य चोपड़ा की थी। इसका विचार उनके मन में वॉर के दौरान आया था और उन्होंने सभी रॉ एजेंट को साथ लाने की योजना पर काम शुरू कर दिया। इस यूनिवर्स की शुरुआत 2012 में आई एक था टाइगर से मानी गई और बाद में टाइगर जिंदा है, वॉर, पठान, वॉर 2 और टाइगर 3 भी इसका हिस्सा बन गई। अब टाइगर वर्सेज पठान इस स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म होगी।

# हिंदी फिल्मों के गोल्डन एरा से भरी हुई है फिल्म जुबली



कई बार लोगों को इंडियन सिनेमा के सुनहरे दौर की बात करते सुन लिया है. खासकर तब जब आमने-सामने दो सिनेमा लवर्स हों. कई बार ये बातें सुनकर सिनेमा को तकरीबन से जानने की चाह होती है. मन में आज के सिनेमा और गोल्डन एरा को लेकर कई प्रश्न भी उठ गए है. अगर ऐसा है, तो आपके सवालों के जवाब जुबली की कहानी में छिपे हुए है. जुबली अमेजन प्राइम की नई सीरीज है. सीरीज की कहानी 1940ह्र के सिनेमा की जादुई दुनिया को भी पेश कर रही है.गोल्डन एरा को दिखाती जुबली- जुबली की कहानी हिंदी सिनेमा के गोल्डन एरा के साथ-साथ बंटवारे के मंजर को बयां कर रही है. ये कहानी है टॉकीज के दौर की बताई जा रही है. श्रीकांत रॉय (प्रोसेनजित चटर्जी), रॉय टॉकीज को ऊंचाई पर ले जाना चाहते हैं. इसके लिए उन्हें एक नए चेहरे मदन कुमार की तलाश है. ये तलाश जमशेद खान (नंदीश संधू) पर आकर समाप्त हो चुकी है. कई ऑडिशन के उपरांत श्रीकांत रॉय को जमशेद खान के तौर पर हिंदी सिनेमा का मदन कुमार को मिल जाता है.जमशेद खान एक थिएटर आर्टिस्ट, स्ट्रगलिंग और टैलेंटेड अभिनेता है, जिसे मदन कुमार के तौर पर लॉन्च करने की घोषणा की है. पर जमशेद कशमकश में है. उसे श्रीकांत की पत्नी और रॉय टॉकीज की आधी मालकिन सुमित्रा कुमार (अदिति राव हैदरी) से प्यार भी हो ही जाता है. सुमित्रा अपनी शादीशुदा लाइफ में बिलकुल भी खुश नहीं है. श्रीकांत रॉय को पता है कि सुमित्रा और जमशेद एक-दूसरे से प्यार करते हैं. श्रीकांत रॉय अपने वफादार स्टूडियो कर्मी बिनोद दास (अपारशक्ति खुराना) को जमशेद और सुमित्रा को साथ लाने के लिए बोलते है।




# क्रिकेट के बाद सिने निर्माण में उतरे धोनी, जारी किया एलजीएम का पोस्टर

कैप्टन कूल के नाम से ख्यात टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी इन दिनों अपने आईपीएल के चलते चर्चाओं में हैं। बताया जा रहा है कि आईपीएल का यह सीजन उनका क्रिकेट करियर का आखिरी सीजन होने जा रहा है। टी-20, वनडे और टेस्ट से संन्यास ले चुके धोनी आईपीएल के लिए यह आखिरी सीजन खेल रहे हैं। अपने क्रिकेट करियर को पूरी तरह से समाप्त करने से पूर्व ही उन्होंने अपने लिए दूसरा करियर चुन लिया। धोनी ने फिल्म निर्माण का कार्य शुरू कर दिया है। आज उन्होंने अपनी पहली तमिल फिल्म एलजीएम का पहला पोस्टर जारी किया।महेंद्र सिंह धोनी और साक्षी धोनी ने उनके प्रोडक्शन हाउस की पहली फिल्म एलजीएम का लुक पोस्टर रिलीज किया है। जनवरी में क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी और उनकी पत्नी साक्षी धोनी ने बताया था कि वो जल्द ही अपने होम बैनर धोनी एंटरटेनमेंट के साथ फिल्म प्रोड्यूस करने वाले हैं। प्रोडक्शन के अंडर बनी पहली फीचर फिल्म का टाइटल एलजीएम है।एलजीएम का मतलब- लेट्स गेट मैरिड! ये एक तमिल फिल्म है।महेंद्र सिंह धोनी ने सोशल मीडिया पर फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर किया। पोस्टर शेयर करते हुए उन्होंने लिखा- मुझे एलजीएम का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर करते हुए खुशी हो रही है। एक फील गुड फैमिली एंटरटेनर फिल्म के लिए तैयार हो जाईए! ये फिल्म आप सब के चेहरे पर मुस्कान लेकर आएगी। धोनी एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से पूरी टीम को फिल्म के लिए ऑल द बेस्ट!फिल्म को प्रोड्यूस करने के अलावा धोनी ने इस फिल्म का कांसेप्ट भी तैयार किया है। ये कॉमेडी ड्रामा फिल्म एक मां और एक कपल के बीच के ड्रामा पर बेस्ड होगी।

# ब्रेकअप के बाद और भी ज्यादा खूबसूरत हो गई तारा सुतरिया



बॉलीवुड अभिनेत्री तारा सुतारिया अपनी फिल्मों के अलावा अपने ग्लैमरस लुक्स के लिए भी पहचानी जाती है. तारा की सिजलिंग अदाएं फैंस को उनका दीवाना भी बना लेती है. अभिनेत्री अपने ब्रेकअप के उपरांत से ही निरंतर सोशल मीडिया पर एक्टिव हैं. सोशल मीडिया यूजर्स का तो ये भी कहना है कि तारा ब्रेकअप के उपरांत और भी अधिक ग्लैमरस हो गई हैं. उनकी खूबसूरती का मुकाबला कर पाना हर किसी के बस की बात नहीं.तारा ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरों के माध्यम से इस बात को साबित भी कर दिया है. तस्वीर में तारा ग्रीन फ्लोरल प्रिंट कलर की बिकिनी पहने हुए दिखाई दे रही है. इस तस्वीर में तारा का फिट फिगर साफ-साफ फ्लॉन्ट हो रहा है. अभिनेत्री का डीपनेक श्रृग फैंस को दिल घायल करने का काम कर रहे है. एक्ट्रेस की फोटो ने यूजर्स को कमेंट करने पर मजबूर कर दिया है. तारा की बिकिनी वाली ये तस्वीर सोशल मीडिया पर हंगामा मचा दिया है.इस फोटो पर यूजर्स कमेंट करते हुए तारा की तारीफ के पुल बांध कर रहे हैं. वहीं कुछ यूजर्स तारा का कातिलाना अंदाज देख उन्हें सोशल मीडिया सेंसेशन उर्फी जावेद से कंपेयर करने लगे है. एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा है कि, उर्फी को तो यूं ही बदनाम किया जा रहा है. उर्फी जावेद भी अपने ग्लैमरस लुक्स के लिए कापी मशहूर हैं. उनका फैशन सेंस तो सभी ने देखा है. हालांकि अधिकतर यूजर्स ने तारा की तारीफ में ब्यूटीफुल, स्टनिंग, सिजलिंग जैसे शब्दों का उपयोग किया है।

# राघव जुयाल ने किसी का भाई किसी की जान की शूटिंग के दौरान किए 2 प्रोजेक्ट्स



एक्टर-डांसर राघव जुयाल, जो जल्द ही किसी का भाई किसी की जान में नजर आएंगे, ने शेयर किया कि जब वह सलमान खान अभिनीत फिल्म की शूटिंग कर रहे थे, तब उन्होंने दो प्रोजेक्ट्स के लिए भी समय निकाला था। किसी का भाई किसी की जान, जिसका ट्रेलर सोमवार शाम को जारी किया जाएगा, 2023 में ईद पर रिलीज के लिए तैयार है। एसकेएफ प्रोडक्शन पर काम करने के अलावा, राघव ऑस्कर विजेता गुनीत मोंगा की सिख एंटरटेनमेंट के साथ एक अघोषित फिल्म के लिए अपने शेड्यूल को मैनेज भी कर रहे थे। अपने बिजी शेड्यूल के बारे में बताते हुए राघव ने कहा- मैं सलमान सर की फिल्म किसी का भाई किसी की जान का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं, जिसने मेरे 2023 की शानदार शुरूआत की। इसके अलावा, मैं उसी समय एक और अघोषित प्रोजेक्ट की शूटिंग भी कर रहा था, जिसका मतलब था कि शेड्यूल, किरदारों और सेट में बहुत फेरबदल करना था। राघव ने बताया कि उन्हें काम में लगातार डूबे रहना पसंद है क्योंकि इससे उन्हें खुशी मिलती है। उन्होंने कहा- मैंने इसके हर हिस्से को एन्जॉय किया है, क्योंकि काम मुझे खुश रखता है। मैं भाग्यशाली महसूस करता हूं कि मुझे अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए अच्छा काम और अवसर मिल रहे हैं।




# नानी की फिल्म ने अमेरिका में उड़ाया गर्दा, 2 मिलियन डॉलर क्लब में मारी धांसू एंट्री

साउथ फिल्म स्टार नानी और कीर्थि सुरेश स्टारर निर्देशक श्रीकांत ओडेला की हालिया रिलीज फिल्म दसरा बॉक्स ऑफिस पर धांसू कमाई में बिजी है। फिल्म को रिलीज हुए 12 दिन पूरे हो चुके हैं। इन 12 दिनों में फिल्म दसरा ने शानदार कमाई करते हुए वर्ल्डवाइड स्तर पर करीब 100 करोड़ रुपये की कुल कमाई का आंकड़ा पार किया है। जबकि, फिल्म इंडियन बॉक्स ऑफिस पर अब तक करीब 75 करोड़ रुपये अपने नाम कर चुकी है। दिलचस्प बात ये है कि इस क्रिटिकल एक्कलेम फिल्म को देश ही नहीं, विदेशी बाजारों में भी खासा पसंद किया जा रहा है। फिल्म ने अमेरिकी बॉक्स ऑफिस पर कमाई के जबरदस्त आंकड़े हासिल किए हैं। अब तक फिल्म धुआंधार कमाई करते हुए अमेरिकी बॉक्स ऑफिस पर 2 मिलियन डॉलर क्लब में शामिल हो चुकी है।नानी की फिल्म की कमाई के ताजा आंकड़ें ट्रेड एक्सपर्ट तरण आदर्श ने शेयर किए हैं। फिल्म की कमाई के बारे में लेटेस्ट अपडेट देते हुए उन्होंने लिखा, दसरा ने नॉर्थ अमेरिका में 2 मिलियर डॉलर की कुल कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है। दसरा बॉक्स ऑफिस पर अपनी कमाई की रफ्तार बनाए हुए है। नानी की क्रिटिकली एक्कलेम और कमर्शियल सक्सेसफुल फिल्म ने नॉर्थ अमेरिका में आखिरकार 2 मिलियन डॉलर कमाई का बड़ा आंकड़ा हासिल कर लिया है। सबसे खास बात ये है कि इसी के साथ नानी पहली दफा 2 मिलियन डॉलर कमाई के आंकड़ें के क्लब में शामिल हो पाए हैं।दिलचस्प बात ये है कि नानी और कीर्थि सुरेश की ये फिल्म भी रॉ और रस्टिक ग्रामीण बैकग्राउंड पर बनी है। जिसमें नानी का लुक काफी हद तक अल्लू अर्जुन की पुष्पा से मिलता है। इसके अलावा फिल्म इतनी देसी है कि ये पुष्पा की याद बार-बार दिलाती है। यही वजह है कि नानी की दसरा की लगातार तुलना पुष्पा से होती रही।मक्खी स्टार नानी ने अपनी इस फिल्म का पूरे देश में जबरदस्त प्रमोशन किया था। बावजूद इसके फिल्म हिंदी बेल्ट में लोगों को इंप्रेस करने में खास सफल नहीं हुई। जिसकी वजह से फिल्म हिंदी बॉक्स ऑफिस पर खास अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। फिल्म ने हिंदी सर्किट में बीते 12 दिनों में कुल 2 करोड़ रुपये की ही कुल कमाई हासिल की है।

# बीजेपी मप्र में महा पाप किया:प्रमोद कृष्णम

**रघुवर दयाल गोहिया**

सीहोर। बीजेपी मध्यप्रदेश में महापाप किया है। ये प्रदेश ही नहीं वरन देश की सरकार को भी ले डूबेगा। या बात आचार्य प्रमोद कृष्णम ने गुरुवार को सीएम शिवराज सिंह चौहान के गृह जिले सीहोर में खास चर्चा में कही। शिवराज सरकार पर ब?ा हमला बोलते हुए उन्होंने कहा की धन बल और ताकत के आधार पर कांग्रेस की बनी-बनाई सरकार को गिराकर चार साल से शिवराज जी की सरकार है। यह उनका महा पाप है जो प्रदेश ही नहीं पूरे देश की सरकार को ले डूबेगा। आचार्य प्रमोद कृष्णम सीहोर पहुंचे जहां कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने उनसे मुलाकात कर स्वागत सम्मान किया. इस दौरान उन्होंने मीडिया से चर्चा की। सचिन पायलट को लेकर उन्होंने कहा कि उनकी जो लड़ाई है संघर्ष है, वो भ्रष्टाचार के खिलाफ है। सचिन पायलट का जो अनशन है, वो बीजेपी के राज में भ्रष्टाचार हुआ है, उसके खिलाफ



है। सचिन का विरोध कांग्रेस के खिलाफ नहीं है। सचिन पायलट ने कोई भी पार्टी विरोधी गतिविधि नहीं की है, ऐसा मुझे लगता है। इसलिए कांग्रेस नेतृत्व भारत की वर्तमान राजनीति और भविष्य को देखते हुए फैसला लेगा।एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की सदस्यता खत्म होने का मतलब कांग्रेस खत्म होना नहीं है। हम जनता की अदालत में जाएंगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की जो सदस्यता खत्म हुई है वो एक फर्जी केस में हुई है लेकिन बीजेपी को समझ लेना चाहिए राहुल गांधी की सदस्यता खत्म करने का मतलब ये बिलकुल नहीं है कि वह खत्म हो गए हैं। हम जनता की अदालत को सबसे बड़ा मानते हैं। 2024 में जनता में की अदालत में जाएंगे। उन्होंने पीएम फेस के सवाल को लेकर कहा कि कांग्रेस में कई नेता हैं जो पीएम बनने की योग्यता रखते हैं। ऐसी ही तमाम रीजनल पार्टियां हैं जो मोदी को हटाना चाहती हैं और इस देश के भविष्य को सुरक्षित रखना चाहती हैं। अपनी अपनी पार्टियों की अपनी अपनी दावेदारी है। ममता जी की पार्टी चाहती है वो चेहरा हों, नीतीश जी की पार्टी चाहती है कि वो चेहरा हों। मैं यह चाहता हूं कि देश के जो हालात देखें तो पीएम का फेस कांग्रेस पार्टी का होना चाहिए। कांग्रेस और नीतीश की विपक्षी दलों की बैठकों के साथ कहा कि जो लोग मोदी जी को हटाना चाहते हैं, वो एकता का प्रयास कर रहे हैं। मैं भी चाहता हूं एकता बने। अभी तो बैठकों का दौरा चलेगा। देश का सवाल है बैठकें और होंगी फैसले होंगे। उसके बाद जनता की अदालत का फैसला होगा।

# सरकारें तो आती जाती रहेंगी, देश की अखंडता बनी रहेः आचार्य प्रमोद कृष्णम

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का किया सम्मान, निकाला गया सदभावना मार्च

**सीहोर।** गुरुवार को जलियावाला बाग बलिदान दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन द्वारा नगर के रविन्द्र संस्कृति भवन में आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने अपने उदबोधन में कहा कि सरकारें तो आती जाती रहेंगी, देश की संस्कृति, भाईचारा और अखंडता बनी रहे है। इसके पूर्व समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर , पूर्व सांसद सज्जन सिंह वर्मा, गांधी भवन न्यास के सचिव दयाराम नामदेव, कालापीपल विधायक कुणाल चौधरी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष बलवीर सिंह तोमर, पूर्व विधायक रमेश सक्सेना, कंप्यूटर बाबा, पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय नारायण सीतलानी, महासचिव अशोक सिंधु मंच पर मौजूद रहे। प्रमुख वक्ताओं देश के वर्तमान हालातों पर अपनी बात रखी। सुबह कार्यक्रम में गांधी पार्क स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण एवं पुष्प अर्पित किये, इसके बाद सदभावना मार्च की शुरूआत की गई। सदभावना मार्च नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए टाउन हाल पहुंचा। इस मार्च में महिलाएं कलश लेकर आगे चल रही थीं। कार्यक्रम में अमर शहीद कुंवर चैन सिंह के वफादार साथी रहे शहीद हिम्मत खां, बहादुर खां के वंशज जेड ए लोधी इन्दौर, शहीद रणमल सिंह सतना के वंशज कृष्णेन्द्र सिंह, शहीद शहादत खां के वंशज खालिद खिलजी इन्दौर, शहीद लालछत्र धारी सतना के वंशज अनिल सिंह परिहार, बांदा के रियासत के नवाब अली बहादुर के वंशज आफाक अली बहादुर सीहोर,शहीद ग्राम पिंडरा के वशंज अरुण सिंह का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन अशीष गहलोत ने किया। अंत में आभार संगठन के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने व्यक्त किया।

# दिव्यांग खिलाड़ियों ने विश्व मंच पर बढ़ाया भारत का मानः शैलेंद्र सिंह

ग्वालियर। उचित वातावरण और प्रशिक्षण से दिव्यांग खिलाड़ियों में खेल जगत में विश्व मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। असुविधाओं के बाद भी आपने खेलों में अपना विशिष्ट स्थान बनाया है। खेल में ही नहीं बल्कि आप समाज निर्माण कार्य में भी अपना रचनात्मक योगदान दें यह प्रयास होने चाहिए। ये बात सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग द्वारा जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र ग्वालियर में गुरुवार को आयोजित जिला स्तरीय पंजा कुश्ती स्पर्धा के उद्घाटन समारोह में विभाग के अवर सचिव शैलेंद्र सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि कही। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार एवम समाजसेवी जिला पंजा कुश्ती संघ, ग्वालियर के अध्यक्ष डॉ. केशव पांडे ने कहा कि ग्वालियर में विगत दस वर्ष में पंजा कुश्ती खेल में उल्लेखनीय योगदान दिया है। यहां प्रदेश की पहली पंजा कुश्ती खेल अकादमी बनी जिसमें अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार किए। आप सब मेहनत कीजिए और देश का गौरव बढ़ाइए। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग ग्वालियर की संयुक्त संचालक श्रीमती उषा पंकज शर्मा, सेवा भारती ग्वालियर के अध्यक्ष डॉ. श्रीप्रकाश लोहिया, जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र ग्वालियर के सचिव दिनेश




कुमार शर्मा, समिति सदस्य प्रमोद धामानी, पंजा कुश्ती स्पर्धा के प्रदेश एवं अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी सुजीत माहोर, क्रीड़ा भारती ग्वालियर के पूर्व जिला पंजाब कुश्ती स्पर्धा के खिलाड़ी मनीष कुमार मौर्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

स्पर्धा का संचालन कराने में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भारत केसरी सचिन गोयल, नेशनल रेफरी राजेश सोनी, नेशनल स्वर्ण सचिव भूपेंद्र कांत, महिला वर्ग में सहयोग के लिए नेशनल चैंपियन श्वेता राजावत, भावना गोस्वामी तथा अंतरराष्ट्रीय रजत पदक विजेता खिलाड़ी अरविंद रजक का विशेष योगदान रहा। स्पर्धा में महिला एवम पुरुष वर्ग के विजेता खिलाड़ियों को मेडल, स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया7 कार्यक्रम का संचालन जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के प्रशासनिक अधिकारी गिरीश कुमार पाल ने किया तथा आभार लेखापाल आशीष शर्मा ने व्यक्त किया कार्यक्रम में विशेष सहयोग जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के सीनियर फिजियोथैरेपिस्ट विक्रांत अवस्थी, कृत्रिम अंग निर्माण विभाग की पीएंडओ इंजीनियर श्रीमती आकांक्षा गुप्ता, मनोवैज्ञानिक अजरा खान, विशेष शिक्षक रजनी मूंदड़ा, वोकेशनल काउंसलर सोनाली गोयल, जूनियर स्पीच थैरेपिस्ट नेहा शर्मा, फील्ड पब्लिसिटी असिस्टेंट श्रीमती रेनू मेवाफरोस तथा पीएंडओ तकनीशियन पवन तिवारी का विशेष सहयोग रहा।

# केंद्रीय नागरिक उड़ान मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया 15 अप्रैल को मिण्ड जिले के एक दिवसीय प्रवास पर आएंगे

## ग्वालियर से भिंड तक अभूतपूर्व स्वागत की तैयारियां श्रीमंत की होगी अगवानी

**पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । भाजपा के वरिष्ठ नेता भारत सरकार में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने निर्धारित जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत 15 अप्रैल को मिण्ड जिले के एक दिवसीय प्रवास परआएंगे। उनके आगमन को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने जिले में आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने बताया कि केंद्रीय मंत्री श्रीमंत सिंधिया अपने एक दिवसीय कार्यक्रम के तहत 15 अप्रैल को ग्वालियर से 1ः00 मिण्ड के लिए रवाना होंगे, जहां पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा जिले की सीमा मालनपुर में कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया जाएगा, 2ः15 बजे विधानसभा क्षेत्र मेहगांव के ग्राम सेपुरा में पूर्व विधायक हरि सिंह नरवरिया की पुण्यतिथि कार्यक्रम के तहत उनकी प्रतिमा का अनावरण करेंगे। श्रीमंत सिंधिया 2ः30 बजे भिंड के लिए रवाना होंगे 2ः50 बजे पहुंचेंगे , 3ः50 बजे शहर के इस संस्कृति गार्डन में कार्यकर्ताओं एवं जनता को संबोधित करेंगे साथ ही भिंड जिले के लिए विशेष सौगात 70 करोड़ की नवीन परियोजना का भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

श्री नरवरिया ने बताया कि कि श्रीमंत सिंधिया का स्वागत मालनपुर, गोहद चौराहा, मेहगांव, बरोही, सिटी कोतवाली, सर्किट हाउस रोड, अहिंसा चौक खंडा रोड, सुभाषचंद्र चौराहा, अस्पताल के सामने, पुरानी गल्ला मंडी, परेड चौराहा, भूता बाजार चौराहा पुस्तक बाजार चौराहा गिरराज पैलेस , दमोह रोड, बस स्टैंड, त्रिमूर्ति धर्म कांटा, शास्त्री चौराहा, आदि स्थानों पर अभूतपूर्व स्वागत किया जाएगा पार्टी जिला अध्यक्ष नरवरिया ने समस्त मंडल अध्यक्ष मोर्चा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं से



आग्रह किया है कि वे ऐतिहासिक स्वागत कर श्रीमंत सिंधिया की भिंड की भूमि में उनकी अगवानी करें। पार्टी जिला अध्यक्ष नरवरिया ने कहा कि जिस रोड से और जिस चौराहे पर कार्यकर्ताओं के घर हैं वे अपने-अपने महिला एवं मातृ शक्ति के साथ छतों पर पहुंचकर उत्कर्षा उनके साथ स्वागत किया जाए। श्रीमंत सिंधिया का स्वागत सभी वरिष्ठ नेता एवं जिला पदाधिकारी मंडल पदाधिकारी मोर्चा के पदाधिकारी जिसमें महिला मोर्चा, भारतीय जनता युवा मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा, किसान मोर्चा अनुसूचित जाति मोर्चा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सभी कार्यकर्ता द्वारा अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए स्वागत की भव्य तैयारियां प्रारंभ करें।

# कांग्रेस का अंबेडकर जयंती पर विशाल समता भोज 14 को, सुबह 9 बजे से देर रात तक चलेगा

**ग्वालियर।** संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती कांग्रेस पार्टी धूमधाम से मनाएगी। माहापौर डॉ. शोभा सिकरवार एवं विधायक डॉ. सतीश सिकरवार द्वारा जयंती के मौके पर फूलबाग परिसर स्थित डॉ. अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर 14 अप्रैल को सुबह 9 बजे से देर रात तक समता भोज का आयोजन किया जायेगा। समता भोज में करीब 50 हजार गणमान्य जन प्रसादी गृहण करेंगे। इसके अलावा ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में 14 अन्य स्थानों पर कार्यक्रम होंगे, जहां समता सहभोज के साथ गणमान्य जनों का विधायक डॉ. सतीश सिकरवार द्वारा सम्मान किया जाएगा।

संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा एवं विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने डॉ. अम्बेडकर पार्क का निरीक्षण किया और बृहद स्तर पर होने वाले समता सहभोज की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया। इसमें कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई हैं। विधायक डॉ. सिकरवार ने बताया कि ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के तहत वार्ड 58 के पीएमएच हॉस्टल हरिशंकरपुरम, वार्ड 18 के अम्बेडकर पार्क दीनदयाल नगर, वार्ड 21 के संत कबीर बुद्ध बिहार विवेक नगर, वार्ड 26 के तिकोनिया बगिया, वार्ड 28 आनंद नगर बजरिया, वार्ड 24 में अजाक्स कार्यालय, वार्ड 24 के सखवार धर्मषाला, वार्ड 24 के बुद्ध बिहार डूडी बगिया, वार्ड 22 के डॉ. अम्बेडकर पार्क ओम नगर, वार्ड 23 के चम?ा कारखाना, वार्ड 23 के सरकारी मल्टी के पास, वार्ड 60 के अम्बेडकर पार्क हुरावली, वार्ड 56 के जाटव समाज देवनगर एवं वार्ड 57 के बीजासेन अम्बेडकर मोहल्ला में बाबा साहब की जयंती मनाई जाऐगी। इन स्थानों पर समता सहभोज का आयोजन रखा गया है। पुशपांजली अर्पित करने के दौरान आतिषवाजी चलाई जाएगी। कुछ वार्डो में अन्य बार्डो को मिलाकर कार्यक्रम किया गया है। इन सभी स्थानों पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर के अनुयायियों का बार्डों में सम्मान किया जाऐगा। विधायक डॉ. सतीश सिरकवार ने कहा है कि समता भोज के दौरान डॉ. अम्बेडकर पार्क में कहीं भी किसी तरह की गंदगी न फैले इसके लिए सफाई अभियान चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि सभी स्थानों पर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी।महापौर डॉ. शोभा सतीश सिकरवार ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर शहर की सभी प्रतिमा स्थलों पर पेयजल, सफाई एवं विद्युत आदि व्यवस्थाऐं दुरूस्त रहें। संवंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सत्त निगरानी रखें। साफ-सफाई व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जाये।

# ग्वालियर में स्थापित होगी प्रदेश की पहली हाईटेक फ्लोरीकल्चर नर्सरी और एयरोपोनिक्स लेब

ग्वालियर। उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण राज्य मंत्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा है कि प्रदेश की पहली हाईटेक फ्लोरीकल्चर नर्सरी और एयरोपोनिक्स लेब की स्थापना ग्वालियर में होगी। लेब का कार्य अगले माह के पहले सप्ताह में शुरू किया जायेगा। किसान-कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, राज्य कृषि विपणन बोर्ड और उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण विभाग की संयुक्त कार्य-योजना में सम्मिलित हाईटेक फ्लोरीकल्चर नर्सरी और एयरोपोनिक्स लेब की स्थापना के बारे में मंत्रालय में हुई उच्च स्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया। राज्य मंत्री कुशवाह ने कहा कि उद्यानिकी विभाग के प्रस्ताव पर भोपाल में फ्लावर डोम निर्माण को भी जल्द ही शुरू किया जायेगा। इसके लिये कार्य-योजना तैयार की गई है। फ्लावर डोम के लिये मण्डी बोर्ड और उद्यानिकी विभाग के एमआईडीएच कार्यक्रम से 836 लाख रूपये की राशि उपलब्ध कराई जा रही है। कृषि, मण्डी बोर्ड एवं उद्यानिकी और खाद्य प्र-संस्करण विभाग के समन्वय से योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के लिये कहा गया। राज्य मंत्री कुशवाह ने चेन फेंसिंग योजना को भी जल्द शुरू करने के निर्देश दिये। कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती वीरा राणा ने कहा कि उद्यानिकी विभाग के अधिकारी कार्यों के प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालयों को भेजने के बाद समय-समय पर प्रगति की जानकारी भी प्राप्त करें। प्रस्तावित कार्यों की स्वीकृति अथवा अन्य किसी स्तर पर कठिनाई पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा कर उसे दूर करें। अपर मुख्य सचिव उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण जे.एन. कंसोटिया ने कहा कि विभागीय कार्यक्रमों को पूरी सजगता के साथ क्रियान्वित करें। उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण विभाग की एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और राष्टीय कृषि विकास योजना सहित अन्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की गई।

# बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को मनाई जाएगी : डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया

## मंत्री डॉक्टर भदौरिया ने कार्यक्रम में शामिल होने की जनता से की अपील

**पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया ने कहा है कि भारतीय संविधान सभा के निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती के उपलक्ष्य में 14 अप्रैल 2023, शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से कलश मैरिज गार्डन, पुरानी रेलवे लाईन, रेमजापुरा रोड भिंड में जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।मैं आप सभी देवतुल्य नागरिकों को इस कार्यक्रम मे सादर आमंत्रित करता हूँ और आप सभी से अनुरोध है कि आप इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं, मंत्री डॉक्टर भदौरिया ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर का समाज के लिए महत्वपूर्ण योगदान रहा है जिन्होंने अपने व्यक्तित्व और कृतित्व से समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए हम सबको प्रेरणा दी। उन्होंने कहा है कि भिंड भूमि संतों की भूमि है जहां उनका पूर्ण सम्मान किया जाता रहा है, यही भाव हम सबके मन में जागृत होना चाहिए और उन्होंने अध्यात्मिकता को भी आगे बढ़ाने का काम किया। उन्होंने कहा कि जिन्होंने भारत के लिए संविधान की रचना कर समाज को शिक्षा को लेकर लोगों को जागरूक करते रहे। गरीबों और दलितों को सामाजिक न्याय दिलाने के लिए बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर आजीवन संघर्ष करते रहे। सामाजिक न्याय के प्रति उनके सामाजिक समरसता का संदेश एक ही समाज नहीं सर्व समाज में पहुंचाने का कार्य किया।मंत्री डॉक्टर भदौरिया ने समस्त समाज के लोगों से आग्रह किया कि 14 अप्रैल को उनकी जयंती पर हम सब एकत्रित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करें।

# केंद्रीय मंत्री श्री मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की कार्यक्रम को प्रभावी बनाकर कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करें: गोविंद राजपूत

## भिंड जिले के सभी कार्यकर्ता संस्कृति गार्डन में 15 अप्रैल को पहुंचकर सिंधिया के कार्यक्रम को प्रभावी बनाएः मंत्री प्रदुमन तोमर, 70 करोड़ की विद्युत परियोजना का श्रीमंत सिंधिया करेंगे भूमि पूजन, पूर्व विधायक हरि सिंह नरवरिया की पुण्यतिथि में शामिल होकर उनकी प्रतिमा का अनावरण करेंगे

**पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भारत सरकार में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के 15 अप्रैल को भिंड में होने जा रहे विशाल कार्यक्रम एवं 16 अप्रैल को गवालियर में आयोजित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के महाकुंभ की तैयारी को लेकर भाजपा जिला कार्यालय पीडब्ल्यूडी कॉलोनी पर बैठक आयोजित की गई । प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं भिंड दतिया सांसद संध्या राय जिसमें जिले के प्रभारी मंत्री राजस्व एवं परिवहन गोविंद सिंह राजपूत, उर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया विधायक संजीव सिंह कुशवाह संजू पूर्व विधायक शिव शंकर समाधिया,पूर्व विधायक मुन्ना सिंह भदौरिया, पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह, प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य डॉ रमेश दुबे, पूर्व विधायक निगम अध्यक्ष दर्जा कैबिनेट मंत्री प्राप्त रणवीर जाटव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृष्णकांता तोमर मंचासीन थे अध्यक्षता जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने की।

मध्य प्रदेश सरकार में जिले के प्रभारी एवं राजस्व परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि 15 अप्रैल को श्रीज्योतिरादित्य सिंधिया का एक विशाल कार्यक्रम शहर के संस्कृति गार्डन में आयोजित किया जा रहा है जिस कार्यक्रम को अमलीजामा पहनाने के लिए जिले के सभी मंडल और पांचों विधानसभा के प्रत्येक एवं नगरीय निकाय संस्थाओं से कार्यकर्ता भिंड पहुंचकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह कर इस कार्यक्रम को प्रभावी बनाएं। प्रभारी मंत्री गोविंद राजपूत ने कहा की पार्टी के केंद्रीय प्रदेश नेतृत्व ने संविधान सभा के निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर बाबा साहब के जन्म जयंती पर ग्वालियर में संभागी महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है जिसमें भी हम सब प्रभावी संख्या में पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करे । प्रदेश सरकार में ऊर्जा मंत्री प्रधुम्न सिंह तोमर ने कहा कि श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया का एतिहासिक कार्यक्रम बने जिसके लिए श्रीमंत आपके भिंड जिले में उनका कार्यक्रम प्रसारित हुआ है जोकि 70 करोड़ की विद्युत नवीन परियोजना का भूमि पूजन करेंगे जो समस्या बिजली की रहती थी वह नहीं होगी यह भिंड जिले के लिए विशेष बहुत बड़ी सौगात के रूप में होने जा रहा है इसमें हम सब कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए इस कार्यक्रम को प्रभावी बनाए और जहां तक मेरी आवश्यकता



तो मुझे अवगत कराएं कार्यकर्ताओं को आने-जाने के पहुंचाने के लिए संपूर्ण व्यवस्था की जाएंगे। मध्य प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने कहा कि श्री महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सेपुरा में पूर्व विधायक हरि सिंह नरवरिया की पुण्यतिथि में शामिल होंगे और उनकी प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे अभी कार्यकर्ता वहां पहुंचकर कार्यक्रम को प्रभावी बनाए और भिंड में जिला मुख्यालय पर होने वाले इस ऐतिहासिक कार्यक्रम बने सभी कार्यकर्ता अपनी जवाबदेही को गंभीरता से लेते हुए इस कार्यक्रम में एकजुट होकर लगे। भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा की श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया का भिंड आगमन पर पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा गवालियर से लेकर भिंड तक अभूतपूर्व स्वागत किया जाएगा जिसके लिए सभी मोर्चा प्रकोष्ठ एवं जिले के समस्त पदाधिकारी इस कार्यक्रम को प्रभावी बनाने में अपने-अपने स्थानों पर बैनर और पार्टी के झंडे लगाकर उनकी अगवानी करते हुए कुछ-कुछ देकर भव्य स्वागत करें उन्होंने कहा कि जिले के सभी मंडलों से कार्यकर्ता भिंड पहुंचेंगे जिसके लिए बहन की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है जिम्मेदार कार्यकर्ताओं सौंप दी जाएगी और साथ ही अपने अपने निजी वाहनों से भी कार्यकर्ता प्रभावी संख्या में ग्राम सेपुरा एवं के संस्कृत गार्डन में पहुंच कर इस कार्यक्रम को प्रभावी बनाएं। पार्टी जिलाध्यक्ष नरवरिया ने कहा कि अंबेडकर जयंती पर 16 अप्रैल को महाकुंभ में ग्वालियर से भी प्रभावी संख्या में सर्व समाज के लोग पहुंच कर इस कार्यक्रम को प्रभावी बनाएंगे। बैठक का संचालन जिला मंत्री उपेंद्र राजौरिया, एवं आभार व्यक्त जिला महामंत्री धर्म सिंह भार्गव द्वारा किया गया। सभी मंत्रियों ने कार्यक्रम की तैयारी को लेकर प्रशासनिक, एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर व्यवस्थाओं के लिए आवश्यक निर्देश दिए। केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के भिंड आगमन की तैयारी को देखते हुए कार्यक्रम स्थल संस्कृत गार्डन का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया वहीं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल पर जनता के लिए संपूर्ण व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएं ताकि किसी भी प्रकार की उन्हें दिक्कत ना हो बाहर से आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग कार्यक्रम स्थल पर पीने के लिए पानी सुरक्षा, एवं कोरोनावायरस को देखते हुए संपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को भी मास्क एवं सैनिटाइजर की व्यवस्था की जाए। मंच एवं बैठक व्यवस्था तथा महिलाओं के लिए अलग से सुरक्षा व्यवस्था के लिए अधिकारियों को अवगत कराया।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478